

रोहतक
बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 242
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 24.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस आज






## खबर संक्षेप

### मुर्रा भैंस 'राधा' ने बनाया दूध का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**हिसार।** जिले के सिंघवा खास गांव के पशुपालक ईश्वर सिंघवा की मुर्रा नस्ल की भैंस 'राधा' ने दुग्ध प्रतियोगिता में 35.669 किलोग्राम दूध देकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। राधा' ने कैथल जिले की भैंस 'रेशमा' का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिसने 33.800 किलोग्राम दूध दिया था। प्रतियोगिता पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। *हरिभूमि न्यूज*

### वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा नहीं रहे



**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था।

*(संबंधित खबर पेज 5 पर)*

## दिवाली गिफ्ट : त्योहारों पर मिलेगा ब्याज मुक्त एडवांस

# कर्मचारियों को नायाब तोहफा

*सरकार ने सभी स्थायी और अस्थायी नियमित कर्मचारियों को **13,000** रुपये का फेस्टिवल एडवांस देने का निर्णय लिया है। यह एक तरह का ब्याज मुक्त लोन होगा, जिस पर सरकार किसी भी तरह का ब्याज नहीं वसूलेगी।*

**पति-पत्नी दोनों सरकारी नौकरी में हैं तो एक को ही फायदा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को 13,000 रुपये का ब्याज मुक्त फेस्टीवल एडवांस देने का निर्णय लिया है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक कर्मचारियों को 14 अक्टूबर, 2025 तक आवेदन करना होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी दायित्व है, ने इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया है। यह अग्रिम राशि स्थायी एवं अस्थायी, दोनों प्रकार के नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगी, बशर्ते उनके अगले दस माह तक सेवा में बने रहने की संभावना हो। अस्थायी कर्मचारियों के लिए अग्रिम राशि एक स्थायी कर्मचारी की जमानत पर ही स्वीकृत की जाएगी।

### योजना में ऐसे मिलेगा लाभ

- डी ग्रुप के कर्मचारियों को ऑफर
- 14 अक्टूबर तक करना होगा आवेदन
- शर्तों का करना होगा पालन
- 17 अक्टूबर तक खाते में आएंगे पैसे



**दस आसान किश्तों में चुकाने होंगे वापस**

#### इन्हें लाभ नहीं

सरकार ने स्पष्ट किया है कि वर्क-चार्ज स्टाफ, आकस्मिक वेतनभोगी कर्मचारियों, दैनिक वेतनभोगियों और अनुबंधित कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। पति-पत्नी यदि दोनों सरकारी सेवा में तो एक को ही इस योजना का लाभ मिलेगा।

#### अस्थायी कर्मचारियों के लिए जमानत की शर्त

ग्रुप-डी के स्थायी कर्मियों को तो ये ब्याज मुक्त लोन आसानी से मिल जाएगा लेकिन सरकार ने अस्थायी कर्मचारियों के लिए एक अतिरिक्त शर्त रखी है। जिसके तहत उन्हें फेस्टिवल एडवांस तभी मिलेगा जब उनकी गारंटी कोई स्थायी कर्मचारी देगा। वहीं, स्वीकृति और वितरण की पूरी जिम्मेदारी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की होगी।

*गलत इस्तेमाल पर लगेगा 10% ब्याज : सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर कोई कर्मचारी एडवांस का गलत इस्तेमाल करता है या निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करता तो उससे 10 प्रतिशत की दर से दंडात्मक ब्याज वसूला जाएगा।*

## 500 नवीनीकृत और 64 नए आंगनबाड़ी भवन लोकार्पित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में पोषण अभियान की 8वीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों को बड़ी सौगात दी। सीएम ने महलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर फोकस आंगनबाड़ी ढांचे को नई मजबूती प्रदान करते हुए 15 करोड़ से 500 नवीनीकृत आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण और 9 करोड़ की लागत से बने 64 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि पोषण अभियान से प्रदेश में 10 लाख से अधिक बच्चों और 2.5 लाख माताओं को पूरक पोषण का लाभ



दिया जा रहा है। इस अवसर पर सीएम ने पोषण कैलेंडर का भी अनावरण किया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। बता दें कि 8 मार्च, 2018 को राजस्थान के झुंझुनू से देशव्यापी पोषण अभियान की शुरुआत पीएम नरेंद्र मोदी ने की थी।

### मोटापे पर नियंत्रण रखें

सीएम ने कहा कि 8वें पोषण माह का थीम व्यापक है। इसमें 'मोटापे पर नियंत्रण, नन्हें बच्चों की देखभाल, एक पेड़ मां के नाम, बच्चों और महिलाओं की देखभाल में पुरुष सहभागिता और स्थानीय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना' शामिल है। हमारा प्रयास केवल पोषण की जानकारी देना भर नहीं है, हम चाहते हैं कि लोगों को जागरूक कर जीवनशैली में स्थायी बदलाव लाया जाए।

## बारिश से बदला मौसम जल्द हल्की ठंड की दस्तक

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** प्रदेश में मानसून की विदाई के बाद मंगलवार को 7 जिलों में बारिश हुई। रोहतक, सोनीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम और झज्जर के बहादुरगढ़ में तेज बारिश हुई तो चरखी दादरी और भिवानी में बूंदाबादी हुई है। बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 में तेज बारिश के कारण पेड़ टूटकर गिर गया। इस कारण रास्ता ब्लॉक हो गया। यहां पर 62 एमएम बारिश दर्ज की गई। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, 2 अक्टूबर तक हरियाणा में 6 से 8 जिलों में ही बारिश के आसार हैं। मगर, 3 अक्टूबर को हरियाणा के 12 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश के बाद हल्की ठंड भी महसूस की जा सकती है।



#### तापमान में आएगी गिरावट

अरब सागर में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मौसम में परिवर्तन हुआ है, इसके चलते 3 अक्टूबर तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। बीच-बीच में दक्षिण हरियाणा के जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है। इस दौरान हवाओं में बदलाव तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से दिन व रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है।



- जल्द बंधेंगे शादी के बंधन में
- सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही मंगेतर

### ओलिंपियन दीपक पूनिया ने शिवानी संग की सगाई

**झज्जर।** गांव छारा के अंतरराष्ट्रीय पहलवान और ओलिंपियन दीपक पूनिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बहादुरगढ़ में उनकी शिवानी के साथ रिंग सेरेमनी हुई। शिवानी निलौठी गांव की रहने वाली हैं। फिलहाल वह संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही हैं। उनका सपना आईएएस अफसर बनने का है। शिवानी और दीपक के पिता अच्छे दोस्त हैं। दोनों परिवारों ने दोस्ती को आगे बढ़ाते हुए दोनों बच्चों का रिश्ता तय किया है। रिंग सेरेमनी कार्यक्रम में दोनों परिवार और करीबी शामिल हुए। दीपक के पिता का कहना है कि जल्द ही दोनों परिवारों की सहमति से शादी की तारीख तय की जाएगी।

## 1098 गांवों में नहीं हो पाई गिरदावरी हजारों किसान नहीं बेच पाए फसल

**मंडियों में फसलों की आवक जारी, नहीं हो पा रहा टोकन किसान परेशान**

*मार्केट कमेटी के कर्मचारी बताते हैं कि कृषि निदेशालय से ई-खरीद पर इन किसानों की प्रोडक्शन अप्रूवल नहीं हो पाई, जिस कारण इनके गेट पास इश्यु नहीं हो सकते।*

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में खरीफ की फसल की कटाई व मंडियों में आवक का काम जारी है, लेकिन हजारों किसानों के मंडियों में गेट पास नहीं कट पा रहे। मुख्य वजह है भारी बरसात के कारण प्रदेश के 1098 गांवों में जलभराव हुआ है और यहां पर गिरदावरी का काम अभी पूरा नहीं हो पाया है। गिरदावरी न होने से इनका उत्पादन ई-खरीद पोर्टल पर नहीं चढ़ पाया, यही वजह है कि यह किसान अभी तक मंडियों में फसल बेचने से वंचित रह गए हैं। आए दिन किसान मार्केट कमेटी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन गेट पास न कटने से मंडियों में सड़कों पर रात बिताने या फसल वापस ले जाने को मजबूर हैं।




#### प्रदेश के इन जिलों के 1098 गांवों में नहीं हो गिरदावरी

| जिला | गांव | जिला | गांव |
|---|---|---|---|
| अम्बाला | 84 | कुरूक्षेत्र | 54 |
| भिवानी | 36 | महेन्द्रगढ़ | 51 |
| च. दादरी | 51 | मेवात | 37 |
| फरीदाबाद | 15 | पलवल | 63 |
| फतेहाबाद | 40 | पंचकूला | 40 |
| गुरूग्राम | 49 | पानीपत | 105 |
| हिसार | 43 | रेवाड़ी | 79 |
| झज्जर | 44 | रोहतक | 18 |
| जींद | 60 | सिरसा | 47 |
| कैथल | 47 | सोनीपत | 62 |
| करनाल | 15 | यमुनानगर | 58 |

#### तीन-चार दिन लगेंगे

प्रदेश में फसल बिजाई के बाद कटने से पूर्व गिरदावरी की जाती है। इस बार जलभराव के कारण प्रदेशभर में कई जिलों में गिरदावरी नहीं हो पाई। अब स्पैशल वेरिफिकेशन का काम शुरू कर दिया गया है। उसके कम्पलीट होते ही ई-खरीद पर डाटा अपलोड हो जाएगा। इसके बाद किसान अपने गेट पास कटवा सकता है। यह काम 3-4 दिन में पूरा हो जाएगा।

*-राजपाल, तकनीकी सहायक, कृषि विभाग फतेहाबाद*

#### स्पेशल वेरिफिकेशन हो रही

इस बारे कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जलभराव के कारण गिरदावरी नहीं हुई तो अब स्पेशल वेरिफिकेशन हो रही है। इसके पूरा होने के बाद डाटा पुश हो जाएगा। ई-खरीद पर डाटा चढ़ते ही इन किसानों के गेट पास कटने शुरू हो जाएंगे।

#### ऐसे कटता है गेट पास

सबसे पहले किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करता है। उसके बाद राजस्व विभाग गिरदावरी करता है। फिर हरसेक द्वारा सर्वे होता है। इसके बाद कृषि विभाग फसल सत्यापन करता है। चारों डाटा मैच होकर पंचकूला स्थित कृषि निदेशालय में दर्ज हो जाते हैं। सत्यापन के बाद फसल का प्रति एकड़ प्रोडक्शन ई-खरीद पर स्वयं ही दिखने लगता है।

#### भारी बारिश ने बढ़ाई परेशानी

प्रदेश में इस बार खरीफ फसल की बिजाई हुई तो उसके एक महीने बाद ही भारी बरसात व बाढ़ के कारण खेतों में पानी भर गया। फतेहाबाद में करीब 50 हजार किसानों ने 4 लाख एकड़ में धान व नरमे की फसल का पंजीकरण करवाया। जब मंडियों में फसल आई तो जैसे ही किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालयों में गेट पास के लिए आवेदन किया तो हजारों किसानों के गेट पास नहीं कट पाए।

#### चार प्रकार से होती है गिरदावरी

गिरदावरी चार प्रकार से होती है। सबसे पहले राजस्व विभाग इसकी गिरदावरी करता है। फिर हरसेक द्वारा सर्वे होता है। उसके बाद कृषि विभाग फसल का सत्यापन करता है। इससे पूर्व किसान स्वयं मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसल का विवरण दर्ज करवाता है लेकिन इस बार बारिश के बाद फतेहाबाद के 40 व प्रदेश के 1098 गांवों में गिरदावरी का काम नहीं हो पाया।

### पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने मंगलवार को एक अक्टूबर, 2025 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए पीपीएफ और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज चालू तिमाही में मौजूदा 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा।

## बिहार में एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी

*फाइनल लिस्ट में 69 लाख नाम हटे, 21 लाख नए जुड़े कुल वोटर्स 7.42 करोड़*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना/नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की फाइनल लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। बिहार में अब कुल वोटर्स की संख्या 7.42 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट से 69 लाख नाम हटे हैं। 21.53 लाख नए नाम जुड़े हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से जो 65 लाख नाम कटे थे, उसमें 17 लाख नामों को लिस्ट में जोड़ा गया है।




फाइनल एसआईआर लिस्ट में पटना जिले में 1 लाख 63 हजार 600 मतदाता बढ़े हैं। पटना में पहले 46 लाख 51 हजार 694 मतदाता थे। फाइनल रोल में 48 लाख 15 हजार 694 मतदाताओं के नाम हैं। वहीं, सारण में 2 लाख 24 हजार 768 मतदाताओं का नाम कट गया है। पहले यहां 31 लाख 27 हजार 451 वोटर्स थे, जो अब घटकर 29 लाख 02 हजार 683 हो गए।

*ड्राफ्ट लिस्ट से पहले 65 लाख नाम कटे थे अब चुनावी तैयारियां और तेज हो जाएंगी*

### सट्टेबाजी एप मामले में उर्वशी रौतेला से पूछताछ

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को अवैध प्रतिबंधित सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़ी (ईडी) की धनशोधन मामले की जांच में शामिल हुई।



इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अपना बयान दर्ज कराया था। उर्वशी रौतेला भी इस ऐप की भारत में एम्बेसेडर थीं।

### चेन्नई में थर्मल प्लांट का 30 फीट ऊंचा स्लैब गिरा, 9 मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार शाम एननोर थर्मल पावर प्लांट की कंस्ट्रक्शन साइट में 30 फीट की ऊंचाई से स्लैब का हिस्सा गिरा। इसके नीचे दबने से 9 मजदूरों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, यहां लोहे का ऊंचा स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा था, जिसका कुछ हिस्सा नीचे खड़े मजदूरों पर गिरा है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। स्लैब किस कारण ढहा इसकी जांच की जा रही है। तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. जे. राधाकृष्णन ने कहा कि मृतक असम और आसपास से थे।

### फिर नया शिखर : सोना 1.20 लाख प्रति दस ग्राम, चांदी 1,50,500 प्रति किलो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। सोने का हाजिर भाव 0.55 प्रतिशत फिसलकर 3,813.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## एशिया कप फाइनल में भारत से करारी हार के बाद पीसीबी का फैसला

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों के सिर पर फूटा हार का ठीकरा, अब नहीं खेल सकेंगे विदेशी टी-20 लीग

**बोर्ड ने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया**

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विदेशी टी-20 लीग में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) सस्पेंड कर दिए हैं। बोर्ड ने यह फैसला एशिया कप फाइनल के एक दिन बाद लिया। हार का ठीकरा खिलाड़ियों के सिर पर फोड़ा जा रहा है। बोर्ड ने इस फैसले का कारण नहीं बताया है। बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितंबर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंट्स को इस फैसले की जानकारी दी।

#### पाक को चारों खाने चित किया

**भारत ने पांच विकेट से हराया**

एशिया कप का फाइनल 28 सितंबर को दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। इसमें टीम इंडिया ने पाक को 5 विकेट से हराया। यह इस टूर्नामेंट में भारत की पाकिस्तान पर लगातार तीसरी जीत थी।



**फैसले से खिलाड़ियों को होगा नुकसान**

एनओसी सस्पेंड होने से पाकिस्तान के कई क्रिकेटर को नुकसान होगा। इनमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, फहीम अशरफ और शादाब खान शामिल हैं। यह खिलाड़ी इस साल ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले थे।

**ग्लोबल टी-20 लीग में नहीं खेल सकेंगे**

पाक खिलाड़ी कनाडा टी-20 लीग में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे। पीसीबी ने एक महीने पहले ग्लोबल टी-20 कनाडा लीग में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के एनओसी पर रोक लगा दी थी। इससे पहले हैंडशेक विवाद के बाद पीसीबी ने टीम मैनेजर उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### नूंह में सड़क हादसे में जेई की मौत

**नूंह।** जिले के चांदनकी गांव के समीप हुए एक सड़क हादसे में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई की मौत हो गई। मृतक की पहचान समीम (42) पुत्र जोहरखान निवासी जहटाना गांव के रूप में हुई है। शमीम पीडब्ल्यूडी विभाग में जेई था और साइट से काम देखकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जब समीम चांदनकी गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार वीटा ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### भाजपा झूठा प्रचार कर रही : अजय चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा झूठा प्रचार और वोट चोरी का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनावों में साफ देखा गया कि कैसे वोट चोरी करके पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को हराया गया। अजय चौटाला ने कहा कि दिल्ली में रातों-रात वोट काटे गए और नई दिल्ली में बीजेपी की जीत भाजपा के वोट चोरी के खेल को साफ दर्शाती है।

### 28599 किसानों से धान की खरीद

**चंडीगढ़।** खरीफ खरीद सीजन के दौरान हरियाणा की मंडियों से 279502.86 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। इसमें से 48838.72 मीट्रिक टन धान का उठान भी मंडियों/खरीद केंद्रों से हो चुका है।हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब तक राज्य भर के लगभग 28599 किसान भाइयों से धान की खरीद की गई है।

### विकास प्राधिकरणों में प्री-ऑडिट स्कीम लागू

**चंडीगढ़।**सरकार ने फरीदाबाद, पंचकूला, सोनीपत और हिसार महानगरीय विकास प्राधिकरणों में स्थानीय लेखा विभाग की 'पूर्व-लेखा योजना' (प्री-ऑडिट स्कीम ) को लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का भी दायित्व है, ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी किए हैं।इन महानगरीय विकास प्राधिकरणों में तत्काल प्रभाव से अधिकारी-कर्मचारियों को पूर्व-लेखा योजना का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।फरीदाबाद महानगरीय विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त कार्यभार नगर निगम फरीदाबाद में संयुक्त निदेशक राजीव शर्मा व अन्य को सौंपा गया है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और नागरिक उड्डयन विभाग की बैठक

# हिसार एयरपोर्ट से विदेश जाएंगे किन्नू, स्ट्रॉबेरी और अमरूद

**हिसार एयरपोर्ट पर वेयरहाउस इंफ्रास्ट्रक्चर होगा विकसित, बागवानी उत्पाद किए जाएंगे निर्यात**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार पर अत्याधुनिक वेयरहाउस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों की बागवानी फसलों की गुणवत्ता एवं ताजगी को नियंत्रित तापमान पर संरक्षित रखते हुए उनके भंडारण और परिवहन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करना है ताकि निर्यात को बढ़ावा देकर किसानों को उनकी उपज का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके। हिसार एयरपोर्ट से किन्नू, स्ट्रॉबेरी, अमरूद व अन्य फल विदेशों को निर्यात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कहा कि हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कारपोरेशन द्वारा एयरपोर्ट परिसर में कोल्ड स्टोरेज एयर कार्गो सेवाएं स्थापित की जाएंगी। इन सुविधाओं से किसानों के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संरक्षित और निर्यात किए जा सकेंगे, जिससे हरियाणा बागवानी उत्पादन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा। मंगलवार यहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉर्पोरेशन और नागरिक उड्डयन विभाग की बैठक में दी गई।

■ किसानों को उनकी उपज का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास



### प्रदेश को कृषि-निर्यात हब बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। हिसार एयरपोर्ट पर विकसित होने वाला यह वेयरहाउस इंफ्रास्ट्रक्चर किसानों को नई पहचान देगा और हरियाणा को कृषि-निर्यात हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि नियंत्रित तापमान पर भंडारण और निर्यात की सुविधा किसानों को सीधा लाभ पहुंचाएगी । मुख्यमंत्री को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर विकसित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव व अन्य मौजूद रहे।

### बागवानी के कलस्टर तेजी से विकसित हो रहे

मुख्यमंत्री ने बताया कि हिसार, सिरसा, फतेहाबाद आदि जिले स्ट्रॉबेरी, अमरूद और किन्नू जैसी बागवानी फसलों के प्रमुख क्लस्टर के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी किसान की फसल खराब न हो, इसके लिए वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन सक्रिय भूमिका निभाए और स्टोरेज के साथ-साथ निर्यात की प्रक्रिया में किसानों की अधिकतम मदद करे। उन्होंने यह भी कहा कि भण्डारण सुविधाओं में नियंत्रण तापमान बनाए रखने के लिए सौर ऊर्जा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बागवानी और अन्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने तथा फूलों और फलों को निर्यात करने में मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

## देश का दूसरा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जल्द जनता को किया जाएगा समर्पित : सीएम

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश का दूसरा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जल्द ही हरियाणा वासियों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला रेलवे एलिवेटेड ट्रैक भी हरियाणा में ही तैयार करवाया था और अब दूसरे ट्रैक का काम पूरा हो गया है। थानेसर प्लेटफार्म का कार्य निमाणाधीन है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद नागरिकों को कुरुक्षेत्र शहर की पांच क्रॉसिंग पर जाम से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत की। इससे पहले सीएम ने रेलवे के अधिकारियों से एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

### पांच रेलवे क्रॉसिंग का काम पूरा



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र चुम्बर ने बताया कि सभी पांच रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही बचे हुए प्लेटफॉर्म के कार्य को भी पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री लाइव सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक एलिवेटेड रेलवे लाइन का निर्माण हुआ है।

### टोहड़ा के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटियाला के टोहड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने पंजाब भाजपा के प्रदेश सचिव कंवरवीर सिंह टोहड़ा के पिता एवं पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री सरदार हरमेल सिंह टोहड़ा के निधन पर शोक प्रकट किया। इस अवसर मोहन लाल बड़ौली भी साथ रहे।



### समिति की बैठक

## प्रदेश में 11 जिले बनाने के प्रस्ताव समिति को मिले : कृष्ण पंवार



**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत और खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता और जनप्रतिनिधियों की मांगों के अनुसार प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री यहां सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में आयोजित पुनर्गठन उप-समिति की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कमेटी में बतौर सदस्य के रूप में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि अब तक पुनर्गठन उप-समिति को 73 प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें 11 नए जिले, 14 उपमंडल, 4 तहसील और 27 उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव शामिल हैं। इस कड़ी में समिति ने खुंगा (उपमंडल उचाना) को उपमंडल जींद में और गांव खानपुर रोरण (तहसील पिहोवा) में करने बारे मंजूरी हेतू प्रदेश सरकार को सिफारिश भेजी है।

### जजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी में 73 वरिष्ठ पदाधिकारी घोषित

**चंडीगढ़।** जजपा ने संगठन में विस्तार करते हुए नियुक्तियां की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करके 73 वरिष्ठ युवा पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। दिग्विजय चौटाला ने बताया कि जेजेपी युवा प्रदेश कार्यकारिणी में आशीष कुंडू, सचिन चंदोली, कुलदीप शर्मा सीवन, अमन मान, दीपक कालवा, मुखत्यार नरवाल, विजय पंचाल, हैप्पी खुडाना, धोलू गोदारा व अन्य शामिल है।

### सीएलपी लीडर बनाने पर हुड्डा ने हाईकमान को कहा थैंक्यू

## जनता के मुद्दों को उठाने, सकारात्मक व संघर्षशील विपक्ष की भूमिका निभाने को पार्टी पूरी तरह तैयार

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस हाईकमान, खासतौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि फिर से विधायक दल का नेता चुनकर उन पर हाईकमान ने विश्वास जताया है, उसपर वो खरा उतरने की भरपूर कोशिश करेंगे। जनता जनार्दन के मुद्दों को उठाने, सकारात्मक व संघर्षशील विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है।भूपेंद्र हुड्डा ने नए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को भी हार्दिक बधाई दी है। हुड्डा ने उम्मीद जताई कि राव नरेंद्र पार्टी को मजबूत करने व आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने पूर्व अध्यक्ष को भी सराहा

### हुड्डा के नियुक्ति का पत्र को लेकर विस स्पीकर कल्याण से मिले कांग्रेस विधायक



**चंडीगढ़।** कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की नियुक्ति के बाद कांग्रेस के विधायक मंगलवार शाम विस स्पीकर हरविन्द्र कल्याण से भेंट करने उनके आवास पर पहुंचे। विधायक आफताब अहमद, गीता भुक्कल, इंदुराज नरवाल, जस्सी पेटवाड़, देवेंद्र हंस, बलराम दांगी और विकास सहारण ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की ओर से भेजा गया नियुक्ति पत्र विस स्पीकर को सौंपा।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पर इनेलो हमलावर

## कांग्रेस को पार्टी में कोई भी साफ सुथरी छवि वाला व्यक्ति नहीं मिला : माजरा

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कांग्रेस द्वारा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही मोर्चा खोल दिया है। माजरा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को अपनी पार्टी में साफ सुथरी छवि और युवा नहीं मिल सका। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र पर पैसे लेकर सीएलयू करवाने की सीडी भी एक बार फिर से जारी कर दी है। मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता की और कहा कि हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनने की बधाई दी और हमला बोला भाजपा जिसको चाहती थी उसको फिर से कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष बना दिया, माजरा ने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में बयान दिया था कि हरियाणा की कमान किसी युवा के हाथ में देंगे लेकिन उसके उलट भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बना दिया।

### सीएलयू स्टिंग ऑपरेशन की सीडी की जारी

रामपाल माजरा ने राव नरेंद्र सिंह पर लगे भ्रष्टाचार का मामले को उठाते हुए



कहा कि भूपेंद्र हुड्डा राज में हरियाणा में बहुत सारे जमीन घोटाले हुए थे। विधायकों को सीएलयू दिए जाते थे और उनसे मोटी रकम ली जाती थी। तब इनेलो ने कांग्रेस के तत्कालीन मंत्री राव नरेंद्र का पैसे के बदले सीएलयू कराने के स्टिंग ऑपरेशन की सीडी जारी की थी। जिसमें राव नरेंद्र सिंह पैसे मांगते हुए साफ नजर आ रहे हैं। सीडी में राव नरेंद्र सीएलयू करवाने के 30 करोड़ से लेकर 50 करोड़ तक मांगते नजर आ रहे हैं।

### राव नरेंद्र बोले- भाजपा के हाथों में खेल रहा इनेलो, आरोप झूठे

**चंडीगढ़।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इनेलो द्वारा लगाए आरोपों का करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इनेलो नेता भारतीय जनता पार्टी के हाथों में खेल रहे हैं और इसलिए कांग्रेस पर हमेशा से तथ्यहीन, झूठ और राजनीतिक द्वेष पूर्ण आरोप लगाते आए हैं। सच्चाई यह है कि इतने वर्षों से इनेलो नेता, इस मामले में खुद कोर्ट में बुलाने पर भी पेश नहीं हो रहे हैं। जबकि हम स्वयं 2016 में मामले को लेकर कोर्ट में गुहार लगाई थी और इनेलो के नेताओं को पार्टी बनाया था। कोई भी नेता 9 साल में कोर्ट में पेश तक नहीं हुआ। इनेलो ना तो सबूत लेकर कोर्ट में आई और ना ही जवाब देने की हिम्मत कर पाई क्योंकि इस पार्टी को पता है कि उनके द्वारा जारी किया वीडियो पूरी तरह से एडिटेड है। इनेलो यह फर्जी वीडियो लेकर सामने आई थी, तब लोकायुक्त ने भी इसकी जांच की थी।

### बेसहारा गोवंश को आश्रय देने के लिए बनेंगे गो-अभ्यारण : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने विकास एवं पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को आश्रय देने के लिए प्रदेश के हर जिले में गो-अभ्यारण की व्यवस्था की जाए।मंत्री सिविल सचिवालय चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में मेवात जिले की हसनपुर ग्राम पंचायत तथा मानेसर नगर निगम के वजीरपुर गांव में गो-अभ्यारण को लेकर इन विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग के मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित थे।मंत्री ने कहा कि गो-सेवा आयोग गोशालाओं के प्रबंधन एवं संचालन के लिए एनजीओ की भी सेवाएं लें तो यह गो सेवा का एक बेहतर विकल्प हो सकता है। बैठक में जानकारी दी गई कि हसनपुर ग्राम पंचायत द्वारा 78 एकड़ जमीन पर गो-अभ्यारण स्थापित कर का प्रस्ताव दिया गया है।

## नहरों की निगरानी, मरम्मत व नियमन फिर से मूल डिवीजनों को सौंपा : चौधरी

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि किसानों और जनता के हितों का ध्यान रखकर और एलडब्ल्यूएस सर्कल की परियोजनाओं में देरी होने के कारण जून, 2020 के आदेशों को रद्द कर दिया गया। नहरी तंत्र को तर्कसंगत बनाते हुए जिन नहरों का नियंत्रण लोहारू डिवीजन को सौंपा था, किसानों की मांग पर उन नहरों को वापिस मूल डिवीजन में कर दिया है ताकि हेड से टेल तक पानी का कुशल प्रबंधन हो सके।

### 2020 के आदेश किए रद्द



सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी सोमवार देर सायं चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान जून, 2020 में जारी आदेशों की समीक्षा की है और उन्हें रद्द कर दिया है।

## जीएसटी कटौती का आम लोगों को नहीं मिला फायदा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि सरकार ने हाल ही में जीएसटी की दरों में की कटौती को बड़ी राहत के रूप में प्रचारित किया है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही



बयान कर रही है। पैकेज्ड खाद्य पदार्थ और आवश्यक दवाइयों जैसी वस्तुएं आज भी पुरानी कीमतों पर ही बिक रही हैं। वहीं वाहन सेक्टर इस जीएसटी कटौती का सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। सांसद सैलजा ने कहा है कि केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी 22 सितंबर से 07 दिन का 'जीएसटी बचत उत्सव' मना रही है, पार्टी सांसदों अपने-अपने क्षेत्रों में रोज सुबह और शाम बाजार में पदयात्रा निकाली। सरकार और उसके प्रतिनिधि लोगों के बीच जाकर दावा कर रहे है कि जीएसटी दरों में कमी से उन्हें क्या क्या लाभ होगा। भाजपा इसे बढ़ा चढ़कर जनता को झासा देने की कोशिश कर रही है।

## प्रभजोत को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन का अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से आईएएस अधिकारी और तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने एचसीएस अधिकारी तथा वित्त विभाग में उप सचिव डॉ. इंद्र जीत की सेवाएं तत्काल प्रभाव से चंडीगढ़ प्रशासन को सौंपने का लिया है। इंद्रजीत हरियाणा के चंडीगढ़ के बैकलॉग को पूरा करेंगे।


**ई-नीलामी सूचना**

(जूते और चप्पलों का क्षतिग्रस्त स्टॉक)मैसर्स गायत्री पॉलीरब प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट संख्या 22, एचएसआईडीसी, सेक्टर 17, बहादुरगढ़ - 124507 से संबंधित जूते और चप्पलों के क्षतिग्रस्त स्टॉक (सर्वेक्षण आई कॉम्पिटेंस इस्ला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा) के निपटान हेतु इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी फॉर्म आमंत्रित किए जाते हैं, जो "जैसा है जहाँ है" के आधार पर एकमुश्त निपटान के लिए है। श्री नितिन - 8810331841 से पूर्व नियुक्ति लेने के बाद, 01/10/25 से 07/10/25 के बीच निरीक्षण किया जा सकता है। ई-नीलामी 08/10/25 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, खुशी से मोबाईल - 9990857386 पर संपर्क करें।

**साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033 या वेबसाइट से डाउनलोड करें :
**www.salvorsettlers.com**
ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 08/10/25 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।



**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001**
**विज्ञापन सं. 05/2025**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर- इम्टैक), चंडीगढ़ के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।**

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 05/2025 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 30/10/2025 से पहले भेजें।

CBC 36202/12/0018/2526


### बृजेन्द्र सिंह ने की 'सद्भाव यात्रा' की घोषणा- बोले

## भाजपा ने प्रदेश का भाईचारा बिगाड़ा 5 अक्टूबर को दानौदा से यात्रा शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सामाजिक एवं राजनीतिक नवीनीकरण का नया दौर शुरू होने जा रहा है, क्योंकि सद्भाव यात्रा प्रदेश की धरती पर कदम रखने के लिए तैयार है। 5 अक्टूबर को नरवाना निर्वाचन क्षेत्र के दनौदा से शुरू होने वाली इस यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद के पूर्व सदस्य बृजेन्द्र सिंह करेंगे, जो दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के पुत्र हैं। पिछले दशक के दौरान सद्भाव यानि भाईचारे की भावना तनाव में आ गई है क्योंकि भाजपा ने अपनी विभाजनकारी राजनीति के ज़रिए हरियाणा में जातिगत, क्षेत्रीय एवं साम्प्रदायिक मतभेदों को बढ़ावा दिया है। सद्भाव यात्रा का उद्देश्य हरियाणवी समाज में भाईचारे की भावना को पुनर्जीवित करना है। ताकि लोग आपस में पुन जुड़ सकें।

### राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों को जनता के सामने रखेंगे

उन्होंने कहा कि यात्रा राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों को भी उजागर करेगी, जिसमें वोट चोरी (चुनावी कदाचार),



विदेश नीतियों की असफलता और अंतर्राष्ट्रीय अलगाव, पेपर लीक, बेरोजगारी, खराब कानूनी व्यवस्था, कृषि संकट, सरकारी कर्मचारियों की शिकायत, दोषपूर्ण नौसेना भर्ती प्रक्रिया और भाजपा सरकार के तहत लोकतांत्रिक संस्थानों की गुणवत्ता गिरना शामिल है।बृजेन्द्र सिंह ने कहा, "कांग्रेस हमेशा से एकजुटता में भरोसा रखती है और आज हरियाणा को भाईचारे की जरूरत पहले से कहीं अधिक है।

## सूरजकुंड में दिवाली मेला कल से, 7 तक चलेगा

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद सूरजकुंड में दिवाली मेले की तैयारियां ज़ोर शोर से चल रही हैं। दिवाली मेले में भारी संख्या में आगंतुकों के आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा फरीदाबाद सूरजकुंड में आगामी 2 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होने जा रहे दिवाली मेले में स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आर्थिक सुअवसर तो प्राप्त होंगे ही साथ ही साथ उनकी कला और प्रतिभा को प्रोत्साहन और बढ़ावा भी मिलेगा। हरियाणा पर्यटन निगम के एक प्रवक्ता ने बताया कि सूरजकुंड दिवाली मेले में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत अब तक कुल 467 स्टॉल बुक हो चुके हैं। इनमें आर्ट एंड कल्चर, बुटीक, होम डेकोर, सजावटी सामान जैसे लाइट, दीया, कैंडल्स, टेराकोटा, फूड स्टॉल, गिफ्ट पैक ,चॉकलेट्स, कुकीज़, ड्राई फ्रूट्स आदि, ज्वैलरी, गार्डनिंग संबंधी सामान, प्राकृतिक पौधे, आइसक्रीम, जूस सेंटर, खिलौने, बच्चों के लिए सामान, बर्तन, क्रॉकरी, माटी के सामान और मेटल डेकोरेटिव आइटम्स भी शामिल हैं। स्टॉल बुकिंग की प्रक्रिया हरियाणा सरकार के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है।

■ अब तक कुल 467 स्टॉल बुक हो चुके


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7464

मनकि बीरपाल पुत्र रामकंवार पुत्र जुगलाल, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 245/195, खाता न0 249, मु0 न0 39, किला न0 27(1–10), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/576 भाग, बकदर 0 कनाल 0.05 मरले व खेवट न0 328/262, खाता न0 332, मु0 न0 11, किला न0 5/1/2(2–6), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 6 मरले का 1/6 भाग, बकदर 0 कनाल 7.66 मरले व खेवट न0 336/262, खाता न0 340, मु0 न0 11, किला न0 5/1/5(0–3), 5/2/2(0–3), मु0 न0 20, किला न0 23/3(0–8), मु0 न0 23, किला न0 3/4(0–8), 8/1/1(0–8), 13/4(0–7), किते 6, तादादी रकबा 1 कनाल 17 मरले का 1/270 भाग, बकदर 0 कनाल 0.13 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 7.84 मरले (0.049 एकड़), वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 11, किला न0 5/1/2 मिन पश्चिम (0–7.66), व खेवट न0 245/195, खाता न0 249, किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/576 भाग, बकदर 0 कनाल 0.05 मरले व खेवट न0 336/262, खाता न0 340, किते 6, तादादी रकबा 1 कनाल 17 मरले का 1/270 भाग, बकदर 0 कनाल 0.13 मरला, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 0 कनाल 7.84 मरले (0.049 एकड़), पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 30.09.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | 26.09.2025 16.10.2025 | 9,35,43,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39160/I/88/6 दि. 30.09.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ के तहत वार्ड नं. 6 में तिवारिया चौक से महिन्दर तिवारी स्कूल तक 80 मिमी मोटी आईपीबी का प्रावधान व बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.10.2025 | रु. 64.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39162/I/88/6 दि. 30.09.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम महम | पीपी महम सिटी एम.सी. महम में शौचालय का निर्माण + 1 कार्य। | 26.09.2025 02.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 |
| 2 | नगर निगम महम | बाखा वाला तालाब एम.सी. महम की रिटेनिंग वॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 29.09.2025 05.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39172/I/88/6 दि. 30.09.25




## नवरात्र पर विशेष



### नवम-सिद्धिदात्री


भगवती दुर्गा का नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री कहलाता है। पुराणों के अनुसार सिद्धिदात्री अणिमा, लघिमा प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, वाशित्व, सर्वकामावसायिता, सर्वज्ञत्व, दूरश्रवण, परकायाप्रवेश, वाक्सिद्धि, कल्पवृक्षत्व, सृष्टि, संहारकरण सामर्थ्य, अमरत्व, सर्वन्यायकत्व, भावना आदि समस्त सिद्धियों की दाता है। देवीपुराण में कहा गया है कि भगवान शिव ने देवी के इसी स्वरूप की आराधना करके समस्त सिद्धियां प्राप्त की थीं और देवी ही की कृपा से उनका आधा शरीर देवी का हो गया था। इसी कारण भगवान शंकर अर्धनारीश्वर कहलाए। सिंह पर सवार चार भुजाओं वाली देवी सिद्धिदात्री की उपासना सिद्धि या मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है।सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता की आराधना का मंत्र है *सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुररमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥*

**उम्मीद : विदेश मंत्रालय की सूची में अंकित-विजय के नाम**

# रूस में फंसे फतेहाबाद के दो युवकों के वापसी की आस जगी

### रसियन आर्मी में भर्ती 27 लोगों की सूची जारी

*रूस में फंसे भारतीय युवकों को लेकर विदेश मंत्रालय द्वारा जारी 27 लोगों की सूची में फतेहाबाद के दोनों युवकों के नाम भी शामिल हैं। परिजनों को उम्मीद है कि अब सकुशल वापसी हो जाएगी।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रूस में फंसे फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया के दोनों युवकों के देश वापस लौटने की एक बार फिर आस जगी है। रूस में फंसे भारतीय युवकों को लेकर विदेश मंत्रालय द्वारा जारी 27 लोगों की सूची में इन दोनों युवकों के नाम भी शामिल हैं। इस सूची के जारी होने के बाद इनके परिजनों को उम्मीद है कि भारत सरकार जल्द ही दोनों युवकों को सकुशल देश वापस ले आएगी। इस मामले में मंगलवार को यूक्रेन में फंसे युवक अंकित जांगड़ा का भाई रघुवीर जांगड़ा फतेहाबाद में जिला प्रशासन से मिलने पहुंचा। रघुवीर ने बताया कि हमारी ओर से लगातार सरकार के समक्ष उनके भाई और विजय को वापस लाने की मांग उठाई गई है। इसी का नतीजा है कि सरकार ने रूस से पूरी डिटेल प्राप्त कर 27 लोगों की लिस्ट जारी की है। इनमें अंकित और विजय का नाम शामिल है। रघुवीर ने बताया कि उन्हें यह लिस्ट सोमवार को मिली है।



List of 27 new cases of Indian nationals recruited in the Russian armed forces

| Sl. No. | Name | Passport No. |
|---|---|---|
| 1. | Rakesh Kumar | W7516505 |
| 2. | Sumeet Sharma | X9325776 |
| 3. | Sachin Khajuria | AA147209 |
| 4. | Dinesh Kumar | R8991192 |
| 5. | Geetik Kumar | C0130566 |
| 6. | Ajay Kumar | Y4822530 |
| 7. | Sandeep Sunda | C0204351 |
| 8. | Gursewak Singh | T9174703 |
| 9. | Akash Sharma | U4966455 |
| 10. | Md Tasleem | S6873125 |
| 11. | Shaved | X6345083 |
| 12. | Ankit | V5544408 |
| 13. | Vijay Singh | W3426660 |
| 14. | Buta Singh | R9204198 |
| 15. | Samarjeet Singh | Y4848630 |
| 16. | Gurusahib Singh | X4762447 |
| 17. | Gaurav Singh | W3513342 |
| 18. | Mohammad Faiz Ali | S7401647 |
| 19. | Vishal | B7476476 |
| 20. | Aditya Baliyan | C7458528 |
| 21. | Hardeep Singh | W3810309 |
| 22. | Maninder Singh | V9913877 |
| 23. | Surendra Dahiya | V1022676 |
| 24. | Mahaveer Prasad | V9718117 |
| 25. | Rohit Soam | X6022788 |
| 26. | Aman | V4671401 |
| 27. | Sonu (deceased) | V8452925 |

**फतेहाबाद।** विदेश मंत्रालय द्वारा जारी सूची।

### आखिरी बार 11 को मिला था मैसेज

अंकित ने अपने भाई रघुवीर के पास आखिरी बार 11 सितंबर को वाइस मैसेज भेजा था। जिसमें उसने कहा था कि हमें बचा लो। हमारे पास एक- दो दिन ही बचे हैं। इसके बाद हमें युद्ध में भेज दिया जाएगा। इसके बाद से परिवार का उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। अंकित और विजय ने रघुवीर के पास वीडियो भेजकर सारे घटनाक्रम से अवगत करवाया था। उसने बताया था कि 10 अगस्त को रशियन महिला ने उन्हें रशियन आर्मी में जबरन भर्ती करवा दिया। मात्र 10 दिन की हथियार चलाने की ट्रेनिंग देकर युद्ध में धकेला जा रहा है। उन्हें बंकर में रखा हुआ था। कई राज्यों के युवक भी फंसे हुए थे।

### 26 को है विजय का जन्मदिन

विजय के छोटे भाई सुनील कुमार ने बताया कि भाई से आखिरी बार 13 सितंबर की शाम को बात हुई थी। तब उसने बताया था कि उन्हें जीरो लाइन की तरफ आगे लेकर जा रहे हैं। उन्होंने रूस में इंडियन एंबेसी में कई बार बात की है। सुनील बताते हैं कि उसके भाई का 26 अक्टूबर को बर्थडे है। वह भगवान से यही प्रार्थना है कि वो सकुशल लौट आए तो धूमधाम से उसका बर्थडे मनाएंगे।

### रूस सेना में जबरन भर्ती कर यूक्रेन युद्ध में भेजे गए दोनों युवक

बता दें कि, रूस सेना में जबरन भर्ती कर यूक्रेन युद्ध में भेजे गए फतेहाबाद के दोनों युवकों अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया का 20 दिन से परिवार से कोई संपर्क है। दोनों के परिजन बेहाल हैं। परिवार ने चंडीगढ़ में सीएम ऑफिस और दिल्ली में विदेश मंत्रालय के भी कई चक्कर लगाए हैं। अंकित के भाई रघुवीर जांगड़ा ने कहा कि 11 सितंबर की रात के बाद से अंकित से कोई संपर्क नहीं हुआ है। वह दिल्ली में विदेश मंत्रालय भी गए थे। तीन बार सीएम नायब सैनी से मिल चुके हैं। सरकार तक बात पहुंचाने के कई प्रयास किए। उसी का नतीजा है कि विदेश मंत्रालय की लिस्ट में अंकित और विजय का नाम आया है।

### फरवरी में अंकित, जुलाई में विजय गया था रूस

गौरतलब है कि फतेहाबाद जिले के गांव कुम्हारिया के दो युवक अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया रूस गए थे। अंकित स्टडी वीजा पर 15 फरवरी जबकि विजय बिजनेस वीजा पर 15 जुलाई को गया था। अंकित स्टडी के साथ-साथ विजय के साथ ही रेस्टोरेंट में काम कर रहा था। इस दौरान विजय का रेलवे स्टेशन पर एक रशियन महिला से संपर्क हुआ, जिसने जॉब दिलाने का दावा किया। दोनों उस महिला के चंगुल में फंस गए। महिला ने उन्हें रशियन आर्मी में जबरन भर्ती करवा दिया। इसके बाद उन्हें रूस-यूक्रेन बॉर्डर पार ले जाकर यूक्रेन में युद्ध में धकेल दिया।

**खरखौदा की कोर्ट ने दिए आदेश, जुर्माने की राशि किसान को देनी होगी**

# पराली जलाने पर किसान पर किया था ज्यादा जुर्माना, 1 हजार का फाइन लगाया

**पिछले साल का है मामला अदालत ने किया खारिज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

खरखौदा की उप-मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसडीजेएम) विक्रांत की अदालत ने पराली जलाने के मामले में दर्ज एफआईआर को निराधार ठहराते हुए किसान रविंदर पुत्र राजकुमार, निवासी थाना कलां को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने न केवल मामला खारिज किया बल्कि जिला स्तरीय समिति पर गंभीर टिप्पणियां करते हुए कहा कि समिति ने बिना अधिकार और गैरकानूनी तरीके से किसान से 5000 रुपये की वसूली कर उसके संवैधानिक अधिकारों का हनन किया है। अदालत ने अपने आदेशों में जिले के सरकारी खजाने पर 1 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है जोकि पीड़ित किसान को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा।

मामला 2024 की एफआईआर संख्या 661 से जुड़ा था, जिसमें आरोप था कि 14 नवम्बर 2024 को रविंदर ने अपनी भूमि किल्ला नंबर 156//18, 19/1 व 19/2 (कुल 11 कनाल 02 मरला) पराली जलाई। जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिला स्तरीय समिति ने उससे 5000 रुपये का पर्यावरण मुआवजा वसूला, जबकि नियम के अनुसार 2 एकड़ से कम भूमि पर पराली जलाने पर केवल 2500 रुपये का मुआवजा तय है। अदालत ने इसे गंभीर लापरवाही करार दिया। आदेश में स्पष्ट किया कि जिला मजिस्ट्रेट का आदेश केवल 10 नवम्बर 2024 तक लागू था, जबकि घटना 14 नवम्बर को बताई गई।

**चरित्र पर संदेह के चलते किया था मर्डर**

# पत्नी के हत्यारे पति को उम्रकैद व जुर्माना

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा ने तेज हथियार से पत्नी की हत्या करने के जुर्म में पति को आजीवन कारावास तथा पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव मसूदपुर हिसार निवासी कर्मबीर ने 27 सितंबर 2021 को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बड़ी बेटी पूनम की शादी लगभग 11 साल पहले गांव घोघड़िया निवासी पवन के साथ हुई थी। जबकि छोटी बेटी मामली की शादी की पवन के छोटे भाई नसीब से हुई थी। कुछ समय के बाद मामली तथा नसीब का तलाक हो गया था। पूनम ने अपने वैवाहिक जीवन में दो बच्चों को जन्म दिया। पवन उसकी बेटी पूनम के चरित्र पर संदेह करता था। पूनम ने पति के खिलाफ महिला थाना में शिकायत दी थी। 26 सितंबर 2024 को पवन ने पत्नी पूनम पर तेजधार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### सीएम फ्लांइग छापे में मिला बम और पटाखों का भंडारण



मुनाफा कमाने के लिए मकान में छुपा कर रखे गए थे बम व पटाखे

**जींद।** सीएम फ्लाइंग ने मगंलवार को सफीदों के वार्ड 11 में एक मकान में छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारण किए गए 55.800 किलोग्राम बम तथा पटाखे बरामद किए हैं। दमकल विभाग के अधिकारी की शिकायत पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि सैक्टर 11 निवासी देवेंद्र ने अपने घर में अवैध रूप से भंडारण किया हुआ ताकि त्यौहारों के सीजन में अधिक मुनाफा कमाया जा सके। सीएम फ्लाइंग की टीम ने देवेंद्र के घर पर छापा मारा तो मकान मालिक वहीं मिला। जब मकान की तलाशी ली गई तो बम, पटाखों का जखीरा मिला।



## परमाणु हथियारों के उपयोग की संभावना कम फिर भी...

# हम परमाणु और जैविक हमलों से बचाव की तैयारी कर रहे: सीडीएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें।**

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा भारतीय डीएनए बेहद खास है।

हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए।



**जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका**

**रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए प्रोटोकॉल की जरूरत**

### परमाणु और जैविक हमले से बचाव की तैयारी जरूरी

*सीडीएस चौहान ने कहा कि 'हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा। कोविड महामारी के दौरान दुनिया कठिन दौर से गुजरी। मेरे विचार से, जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है। ऐसे खतरों से बचाव और संक्रमित लोगों के इलाज के लिए हमें अलग उपचार प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। हमें भविष्य में इसके लिए तैयार रहना चाहिए।'*

### पीएम ने कहा था भारत परमाणु हथियारों की धमकी से नहीं डरता

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें। रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए अलग प्रोटोकॉल की जरूरत होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के खिलाफ तैयारी इससे बचाव में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

## नॉन-वेज दूध आयात को स्वीकार नहीं: भारत

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं के बीच भारत ने फैसला किया है कि वह नॉन-वेज दूध आयात को स्वीकार नहीं करेगा। इस फैसले को अमेरिका की ओर से लगने वाले व्यापार दबावों और शुल्क मांगों के बीच लिया गया है। केंद्र सरकार ने दो टूक फैसला दूध की सात्विकता, उससे जुड़े भावनात्मक संबंध जैसे पूजन में उपयोग , व्रतों के फलाहार में उपयोग और देश के दुग्ध किसानो के हितों को ध्यान में रख कर किया है । सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े एक वरिष्ठ नौकर शाह ने बताया, "नॉन-वेज दूध" से तात्पर्य उन डेयरी उत्पादों से है जो गायों को पशु-आधारित आहार (मांस, रक्त, पशु उपोत्पाद आदि) खिलाए जाने पर प्राप्त होते हैं। भारत इस तरह के दूध को सांस्कृतिक, धार्मिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य संवेदनशीलता के कारण स्वीकार नहीं करना चाहता। अमेरिका अपनी डेयरी कंपनियों के लिए भारत के बाजार तक पहुंच चाहता है और दबाव बना रहा है कि भारत अधिक खुलापन दिखाए। भारत का रुख है कि आयात दूध केवल उस स्थिति में स्वीकार किया जाएगा यदि यह प्रमाणित हो कि वह गायें 100 फ़ीसदी शाकाहारी आहार पर पाली गई हों। यदि भारत इस तरह की शर्त न लगाए, तो यह मान्यता होगी कि अमेरिका की अधिकांश डेयरी कंपनियाँ शाकाहारी नियमों का पालन नहीं करतीं और आयात को रोकने का यह राष्ट्रीय आर्थिक और सांस्कृतिक निर्णय माना गया।

## भारत ने अमेरिका से निभा दी दोस्ती

# इजराइल-हमास शांति प्रस्ताव पर पीएम मोदी ने लगा दी मुहर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने मंगलवार को गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के मकसद से अमेरिका के नेतृत्व वाली शांति योजना का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। साथ ही दुनिया के बाकी देशों से इस पहल का समर्थन करने का आग्रह किया। यह घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की में मौजूदगी में अपनी 20 सूत्रीय शांति योजना का ऐलान करने के एक दिन बाद हुई। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अजार ने इस घटनाक्रम को ऐतिहासिक करार दिया। अब देखने की बात यह है कि भारत पर 50 फीसदी सख्त टैरिफ लगाने वाले ट्रंप क्या भारत के प्रति नरम रुख अपनाएंगे?

### अरब देशों का समर्थन, 72 घंटे की लिमिट

*अजार ने कहा कि इस योजना को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा-इस योजना को अरब देशों का समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने इस योजना के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की है। इसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त है। इसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। इसे प्रधानमंत्री मोदी का भी समर्थन प्राप्त है, जिन्होंने अभी-अभी अपने समर्थन के बारे में ट्वीट किया है। हम इस योजना के समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बहुत आभारी हैं। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक देश हमारे साथ जुड़ेंगे। हम हमास द्वारा बंधकों की रिहाई के लिए एक समय-सीमा की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह समय-सीमा 72 घंटे निर्धारित की गई है।*

## दुश्मन की हर एक चुनौती से निपटने के लिए तैयार डीआरडीओ

नई दिल्ली (ब्यूरो)। भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) दिन-प्रतिदिन नई तकनीकों पर काम कर रहा है। इसमें रोबोटिक सिस्टम, ऑटोमेटिक उपकरण और एआई शामिल हैं। इन तकनीकों का उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा बढ़ाना खतरनाक माहौल में नुकसान कम से कम और युद्ध क्षेत्र में बेहतर निर्णय क्षमता हासिल करना है। डीआरडीओ द्वारा एआई-आधारित नियंत्रण एवं रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। आईए जानते हैं भविष्य में दुश्मन देश से लड़ाई की तैयारी क्या है? डीआरडीओ के पुणे स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) ने एक ह्यूमनोइड रोबोट विकसित करने की शुरुआत की है। यह खतरनाक मिशनों में सैनिकों को जोखिम से बचाएगा।

### ये है खासियत

बम निष्क्रिय करने वाला रोबोट, जो खतरनाक वस्तुओं की पहचान और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने का काम करता है। सैनिकों को सीधे खतरे से बचाया जा सकेगा। जैसे, आतंकवाद, बम निष्क्रिय करने, खतरनाक इलाके में गश्त में उपयोगी होंगे। मनुष्यों की जान बचाने वाली मिशन में जोखिम कम होगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी तारिफ, पुत्रः** सुलेमान, **पताः** गांव नौसेरा थाना नूंह जिला मेवात (हरियाणा), दिल्ली **FIR No. 550/2014, U/S: 457/380/411 IPC, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तारिफ,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तारिफ,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **तारिफ, FIR No. 550/2014, U/S: 457/380/411 IPC, पुलिस थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष कुमार मीना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम वर्ग–01 (दक्षिण)
कमरा नं. 214,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/13160/SD/2025
(Court Matter)

## गांधी प्रतिमा पर लिखे भारत विरोधी नारे

नई दिल्ली (ब्यूरो)। टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना सामने आई। उपद्रवियों ने प्रतिमा पर पेंट से गांधी, मोदी और हिंदुस्तानियों को आतंकी लिखा। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। उच्चायोग ने कहा है कि यह सिर्फ प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण विचारों पर भी हमला है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Sonipat
Kpuri
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-002110-2024
Next Date:-28-10-2025
Sucction 71-2024

Prayed that in view of the above mentioned facts a succession certificate may please be issued in favour of the petitioner in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO:
General Public
:-
Sonipat

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not he served It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **28-10-2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Sonipat

Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Sonipat
Dated, this day of 29-09-2025

**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेलः coemunimpur@gmail.com

**सब्जियों की पौध उत्पादन बारे सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटैक ग्रीनहाउस के अंदर उद्यान विभाग हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार हरियाणा के किसानों हेतू सब्जियों की पौध तैयार की जा रही है। अतः इच्छुक किसान अपना सब्जियों का बीज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुकवार सुबह 09:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) में पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर देकर उच्च गुणवत्ता की पौध तैयार करवा सकते हैं।

सब्जियों की पौध तैयार करवाने के आवेदन हेतू निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगीः-

1. प्रार्थी को अपना सब्जी का बीज स्वयं खरीदकर ओरिजनल बिल सहित कार्यालय में जमा करवाना होगा।
2. प्रार्थी को पौध तैयार करवाने के लिए प्रार्थना पत्र, ठेके पर ली गई जमीन का सहमति पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आई.डी., पैन कार्ड, बैंक अकाउंट डिटेल की सैल्फ अटैस्ट फोटो कॉपी एवं मेरी फसल मेरी ब्योरा इत्यादि दस्तावेज जमा करवाना अनिवार्य है।
3. प्रार्थी हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए अथवा हरियाणा में प्रार्थी के नाम जमीन हो।
4. सम्पूर्ण बुकिंग फीस ऑनलाईन पेमैंट के माध्यम से बुकिंग के समय जमा करवाई जाएगी। बुकिंग फीस बेल वाली सब्जियों हेतू 1.20 रुपये प्रति पौध तथा बिना बेल वाली सब्जियों हेतू 1.40 रुपये प्रति पौध है।
5. प्रार्थी एक साल में अधिकतम 30,000 सब्जियों की पौध की बुकिंग करवा सकता है।
6. प्रार्थी को उद्यान विभाग हरियाणा की गाईडलाईन अनुसार तैयार करवाई गई पौध की बुकिंग पर सब्सिडी भी प्रदान की जायगी।

अधिक जानकारी हेतू इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (फोन नं. 8683801977) से सम्पर्क कर सकता है।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/945/2026/39147/88/6 दि. 30.09.25

**Haryana State Council for Child Welfare**
**Distt. Branch Bal Bhawan, Hisar.**

**निविदाएँ**

250/- रूपये व 750/- रूपये तक 3 सैंपल ट्राफी के रेटस जी०एस०टी० सहित बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनॉक 10-10-2025 को दोपहर 12:00 बजे तक पहुचें जाने चाहिए। निविदाएँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दोपहर 12:00 बजे चयनित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। कमेटी द्वारा अन्तिम निर्णय लेने के लिए अधिकार सुरक्षित है अधिक जानकारी के लिए बाल भवन हिसार के कार्यालय में कार्य दिवस 9:00 से 5:00 बजे के दौरान सम्पर्क करें।

**हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी, हिसार।**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरविंदर कुमार ओबेरॉय पताः मकान नं.9, वार्ड नं.5, शास्त्री कॉलोनी, यमुना नगर–135001 हरियाणा ने सीटी संख्या 50/2017, धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरविंदर कुमार ओबेरॉय** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरविंदर कुमार ओबेरॉय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 50/2017 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त हरविंदर कुमार ओबेरॉय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वैभव प्रताप सिंह
दीवानी न्यायाधीश–01
कक्ष संख्या–16, मुख्य भवन,
पटियाला हाऊस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/12979/NDD/2025

## नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी

नई दिल्ली (ब्यूरो)। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी है। उन्होंने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को फोन किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## स्वयंगति थ्री व्हीलर की कीमत सिर्फ 4 लाख रुपये

# भारत में दौड़ेगा बिना ड्राइवर वाला ऑटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ इस ऑटो को व्यावसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है

भारतीय ऑटो मार्केट में ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने दुनिया का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर 'स्वयंगति' लांच किया है। इस थ्री-व्हीलर की कीमत सिर्फ 4 लाख रुपए से शुरू होती है, जिसे कमर्शियल इस्तेमाल में लाया जा सकता है। ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने स्वयंगति को ओएसएम के इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित ऑटोनॉमी सिस्टम पर तैयार किया है। इस ऑटो को शॉर्ट डिस्टेंस ट्रांसपोर्ट जैसे एयरपोर्ट, स्मार्ट कैंपस, इंडस्ट्रियल पार्क और भीडभाड़ वाली जगहों पर बिना ड्राइवर के आसानी से चलाया जा सकता है।



### सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स

ओमेगा सीकी मोबिलिटी के इस थ्री-व्हीलर में एआई-बेस्ड ऑब्स्टेकल डिटेक्शन, मल्टी-सेंसर नेविगेशन और रिमोट सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं। खास बात यह है कि इस इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा को एयरपोर्ट, टेक पार्क्स, स्मार्ट सिटीज, कैंपस और इंडस्ट्रियल हब को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

### टेस्टिंग और सेफ्टी

वाहन पहले ही 3-किमी ऑटोनॉमस रूट पर चरण-1 की टेस्टिंग पूरी कर चुका है। जिसमें 7 स्टॉप्स, रियल-टाइम ऑब्स्टेकल डिटेक्शन और बिना मानव हस्तक्षेप के सुरक्षित पैसेंजर मूवमेंट शामिल हैं। चरण 2 में नियंत्रित वातावरण में वाणिज्यिक रोलआउट शुरू होगा।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।


## शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा।



## शब्द पहेली - 6005




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा,कारपेट-3
9. किनारा,छोर-2
10. झगड़ा,कहासुनी-4
11. समय,वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र,स्वदेश-2
15. पुत्र,लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र,व्यवहार-2,3
25. जीव,दूत,जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत,जोश,बल-2
29. कराह,टीस,लालसा-3
30. वहम,संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा,घास-2
36. चोंगा,गाऊन-3
37. सफर,जात्रा-2
38. दयालु,कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी,मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला,श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल,पत्ता-2
18. रुखसार,कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़,योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच,नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त,मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6004 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | अ | प | मा | न | ■ |
| स | ■ | ■ | य | ■ | म | ■ | ह | ■ | ■ | ह |
| र | ■ | श | रा | र | त | क | र | ना | ■ | व |
| क | ल | ह | ■ | ■ | वा | ■ | ■ | का | न | न |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ला | व | ■ | रा | ख | ■ |
| ■ | दा | ■ | का | म | ■ | च | प्पू | ■ | रा | ■ |
| ■ | व | जु | ■ | न | म | न | ■ | पा | ■ | मु |
| क | त | रा | ■ | ■ | हा | ■ | ■ | ल | ल | क |
| ल | ■ | ब | लि | दा | न | क | र | ना | ■ | र |
| म | ■ | ■ | ख | ■ | ता | ■ | ई | ■ | ■ | ना |
| ■ | ना | ना | ना | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |



## खबर संक्षेप

### 'संचार-साथी' से 6 लाख मोबाइल बरामद

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग की नागरिक-केंद्रित प्रमुख डिजिटल सुरक्षा पहल 'संचार-साथी' के माध्यम से छह लाख से अधिक खोए और चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट बरामद किये गये हैं। यह सुविधा हर एक मिनट में एक फोन का पता लगाने में सहायता कर रही है।



### तौकीर रजा के करीबी का अवैध निर्माण ध्वस्त

**बरेली।** यूपी के बरेली में हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर एक्शन हुआ है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी के अवैध निर्माण पर नगर निगम का बुलडोजर चला है। ये एक अवैध चार्जिंग स्टेशन था, जिसे नगर निगम की जमीन पर कब्जा कर बनाया गया था। इसमें कई सारे ई-रिक्शा खड़े हुए हैं। ये अवैध चार्जिंग स्टेशन पार्षद का था, जिसका नाम ओमान रजा है।

### पवन सिंह भाजपा में लौटे उपेंद्र कुशवाहा से सुलह

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। पवन ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। तावड़े ने कहा कि पवन सिंह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे।

### मुंबई से दिल्ली आ रही इंडिगो में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

### मुर्मू ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मिलीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना, वायुसेना एवं नौसेना प्रमुखों से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में बैठक की तस्वीरें साझा कीं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मुर्मू से मुलाकात की।

---

मोदी स्वयं आरएसएस प्रचारक थे

स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे

# आरएसएस के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी शामिल होंगे


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस मौके पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति संगठन के योगदान को दर्शाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे।



### 1925 में हुई थी आरएसएस की स्थापना

इसके मुताबिक वर्ष 1925 में नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। बयान में कहा गया, ''आरएसएस राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अद्वितीय जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव से जुड़े इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है।'' मोदी स्वयं एक आरएसएस प्रचारक थे।



---

तमिलनाडु भगदड़ मामला

# विजय बोले- 'असामान्य' स्थिति उत्पन्न होने की आशंका से नहीं किया करूर दौरा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

अभिनेता एवं तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के संस्थापक विजय ने तमिलनाडु के करूर में अपनी एक रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के कुछ दिन बाद मंगलवार को कहा कि उन्होंने अभी तक प्रभावित लोगों से मुलाकात नहीं की है, क्योंकि उनकी वहां मौजूदगी से 'असामान्य स्थिति' उत्पन्न हो जाएगी। विजय ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में कभी ऐसी दुखद स्थिति का सामना नहीं किया। उन्होंने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुकके सीएम एमके स्टालिन को चुनौती दी कि वे उनके साथ कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन उनकी पार्टी के लोगों को नहीं छू सकते।



### सच जल्द सामने आएगा

विजय ने वीडियो संदेश में कहा कि मैं जल्द ही पीड़ितों और घायलों के परिवारों से मिलूंगा। घटना का सच जल्द ही सामने आएगा। सीएम महोदय, अगर आपके मन में बदला लेने का विचार है, तो आप मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं लेकिन पार्टी के लोगों को नहीं छू सकते।

### प्रतिनिधिमंडल भगदड़ की घटना के बारे में जानकारी लेगा : हेमा

भाजपा की सांसद हेमा मालिनी ने दावा किया कि करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान आयोजन स्थल के संकरा होने और कार्यक्रम के दौरान बिजली गुल हो जाने में 'कुछ तो गड़बड़' लगता ही है, क्योंकि ये बातें स्वाभाविक नहीं हो सकती हैं। हेमा मालिनी 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में हुई भगदड़ से जुड़ी परिस्थितियों की जांच के लिए यहां आए राजग के आठ-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के वास्ते 'संकरा आयोजन स्थल' मुहैया कराया जाना 'अनपयुक्त' है। विजय की रैली में कुछ गड़बड़ लग रहा ह।

---

## तमिलनाडु सरकार ने रैली में नियमों की अनदेखी संबंधी वीडियो जारी किए

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु सरकार ने अभिनय से राजनीति में आए विजय की करूर रैली में नियमों का उल्लंघन दर्शाने वाले वीडियो मंगलवार को जारी किए। राज्य सरकार ने दावा किया कि रैली में अनुमानित भीड़ से दोगुनी संख्या में लोग एकत्र हुए जिससे काफी कठिनाइयां हुईं। आधिकारिक प्रवक्ता और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी पी अमुथा, स्वास्थ्य सचिव सेंथिल कुमार, एडीजीपी कानून और व्यवस्था एस डेविडसन देवसिरवथम के नेतृत्व में एक टीम ने सचिवालय में राज्य सरकार के रुख के समर्थन में वीडियो और तस्वीरों की एक श्रृंखला जारी की।

■ रैली में अनुमानित भीड़ से दोगुनी संख्या में लोग एकत्र हुए

---

लेह हिंसा को लेकर सियासत नहीं थम रही, कांग्रेस ने साधा निशाना, राहुल गांधी बोले

# पीएम ने लद्दाख के साथ धोखा किया हिंसा की घटना की न्यायिक जांच हो

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर थारचिन के पिता का एक वीडियो साझा किया। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, "पिता फौजी, बेटा भी फौजी, जिनके खून में देशभक्ति बसी है।*

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख में हुई हिंसा में एक पूर्व सैनिक के मारे जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस केंद्रशासित प्रदेश के लोगों साथ धोखा किया है। उन्होंने ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को हिंसा और डर की राजनीति बंद करके संवाद करना चाहिए तथा हिंसा की न्यायिक जांच होनी चाहिए। बीते 24 सितंबर को हुई हिंसा में कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिक त्सावांग थारचिन की भी मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर थारचिन के पिता का एक वीडियो साझा किया।

■ हिंसा और डर की राजनीति बंद करके संवाद करना चाहिए

राहुल गांधी ने पोस्ट किया, ३पिता फौजी, बेटा भी फौजी, जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी भाजपा सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। उन्होंने कहा, ३पिता की दर्द भरी आंखें बस एक सवाल कर रही है - क्या आज देशसेवा का यही सिला है?

**केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए 'लेह एपेक्स बॉडी' (एलएबी) द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान सुरक्षा बलों व प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के बाद 24 सितंबर को लेह शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी।**



### दोषियों को सजा जरूर मिले

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का कहना है, हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी ही चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मोदी जी, आपने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है। वो अपना हक मांग रहे हैं, संवाद कीजिए - हिंसा और डर की राजनीति बंद कीजिए। केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए 'लेह एपेक्स बॉडी' द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान सुरक्षा बलों व प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प के बाद 24 को लेह शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

### लेह में कर्फ्यू में सात घंटे की ढील

*लेह (भाषा)। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में मंगलवार सुबह 10 बजे से कर्फ्यू में सात घंटे की ढील दी गई जिसके बाद बाजार धीरे-धीरे खुल गए और सप्ताह भर से लगे प्रतिबंधों से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। इससे पहले सोमवार को शाम चार बजे से दो घंटे के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई थी। यह 24 सितंबर को प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच व्यापक झड़पों में जान गंवाने वाले एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी सहित चार लोगों के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ३पिछले बुधवार को हुई हिंसा को छोड़कर, कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है और वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रख रहे हैं। मंगलवार को कर्फ्यू में पहले सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक ढील दी गई थी ।*

## केडीए ने लेह एपेक्स बॉडी के रुख का समर्थन

नई दिल्ली। करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) ने मंगलवार को कहा कि संगठन लेह में गिरफ्तार किए गए जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को रिहा किए जाने तथा गोलीबारी की न्यायिक जांच के आदेश दिए जाने तक केंद्र के साथ बातचीत में शामिल नहीं होगा। केडीए के सह-अध्यक्ष असगर अली करबलाई ने कहा कि 24 सितंबर को लेह में बंद के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलीबारी की घटना की न्यायिक जांच की भी मांग की।

### राज्य के दर्जे के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति की कोशिश में नेकां : भाजपा

**श्रीनगर (भाषा)।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर राज्य के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति को फिर से हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अब खोखले नारे और पुरानी बातों से लोगों को भड़का नहीं सकती। भाजपा ने कहा कि देश के नेतृत्व ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और सही समय पर इसे पूरा किया जाएगा। यह बयान गांदरबल में मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के लोग राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग को लेकर धैर्य बनाए हुए हैं, लेकिन इसका फायदा नहीं उठाया जाना चाहिए।

### पति को राष्ट्र विरोधी के तौर पर पेश किया जा रहा : गीतांजलि



**नई दिल्ली(भाषा)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि एंगमो ने मंगलवार को कहा कि उनके पति को "राष्ट्र विरोधी" के तौर पर पेश करने के लिए झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग से संबंधित आंदोलन की अगुवाई करने वालों में शामिल वांगचुक को 24 सितंबर को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के मामले में शुक्रवार को लेह में कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए थे। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर की एक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। एंगमो ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए अधिकारियों को आरोपों पर खुली बहस की चुनौती दी, जिसमें पाक से संबंध रखने वाले आरोप शामिल हैं।

### लद्दाख डीजीपी के प्रसारित वीडियो में की गई छेड़छाड़ : पीआईबी

**जम्मू (भाषा)।** पत्र सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उस कथित वीडियो को मंगलवार को डीपफेक बताया जिसमें लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस डी सिंह यह दावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को रक्षा मंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। पीआईबी की 'फैक्टचेक' इकाई ने तथ्यों का विश्लेषण करने के बाद बताया कि डीजीपी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। पीआईबी की 'फैक्ट चेक' इकाई ने कहा कि डिजिटल रूप से छेड़छाड़ कर बनाया गया लद्दाख के डीजीपी डॉ. एस डी सिंह का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें उन्हें यह दावा करते हुए दिखाया गया है कि सोनम वांगचुक को रक्षा मंत्री के निर्देश पर बिना किसी सबूत के गिरफ्तार किया गया। ऐसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जनित वीडियो से सावधान रहें, जो जनता को गुमराह करने तथा भ्रम और दहशत पैदा करने के इरादे से साझा किए जाते हैं। लोगों को सतर्क रहने, साझा करने से पहले हमेशा सामग्री की पुष्टि करने और गलत सूचना के प्रसार को रोकने में मदद करने की सलाह दी।

---

# संवाद में निहित है एकजुटता का मार्ग, आपसी चुनौतियों का सम्मान करें सेनाएं: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रदर्शित एकीकृत, तत्क्षण अभियानगत समन्वय के साथ तीनों सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देने का एक ३जीवंत उदाहरण३ है, और इसे भविष्य की सभी सैन्य कार्रवाइयों के लिए मानक बनना चाहिए। एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने सेना की आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और नौसेना की त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया और यह भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले संघर्ष के दौरान संयुक्त अभियान की रीढ़ बना। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के प्रति सम्मान में निहित है।

### आईएएफ की संगोष्ठी को किया संबोधित



*रक्षा मंत्री राजनाथ भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के बदलते स्वरूप और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के कारण, संयुक्तता एक विकल्प के बजाय एक प्रमुख अभियानगत आवश्यकता बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज संयुक्तता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और अभियानगत प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है।*

# मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था: चिदंबरम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को मंगलवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था। मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने न्यूज चैनल को बताया- ३पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा- कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा।



---

## महाअष्टमी पर 'कुमारी पूजा'



**कोलकाता।** देशभर में दुर्गा पूजा उत्सव के तहत 'महाअष्टमी' के दिन 'कुमारी पूजा' के दौरान लोग छोटी कन्याओं की पूजा करते हैं। उनके पैरों में आलता लगाकर, उन्हें चुनरी ओढ़ाकर, उनकी पूजा-अर्चना करते हैं और कन्याओं को भोजन करवाते हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक बड़े आयोजन के दौरान कन्याओं को पूजते लोग।

### उपसभापति हरिवंश दक्षिण अफ्रीका जाएंगे

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी केप के क्लेनमंड में 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस शिखर सम्मेलन के दौरान, हरिवंश वैश्विक सहयोग और संपोषणीय विकास के बारे में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए प्रमुख विचार-विमर्शों में भाग लेंगे। वे दो विषयों 'आपदा प्रतिरोधक क्षमता और अनुक्रिया का सुदृढीकरण' तथा'न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना' वाले सत्रों में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इन चर्चाओं में जलवायु अनुकूलन संबंधी उपायों को बेहतर बनाने और आपदा प्रबंधन में सुधार हेतु संस्थागत कार्रवाई पर भारत के नीतिगत दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके अतिरिक्त, वे 'संपोषणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का दोहन करने' विषय संबंधी सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे। शिखर सम्मेलन के अलावा, उपसभापति जर्मनी, इटली और अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### यूजीसी ने किया 54 राज्यस्तरीय निजी विश्वविद्यालयों को चूककर्ता घोषित

**नई दिल्ली (भाषा)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 13 के तहत अनिवार्य जानकारी जमा न करने और अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक जानकारी न देने के कारण कम से कम 54 राज्य स्तरीय निजी विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर (चूककर्ता) घोषित किया है। ईमेल और ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से भेजे गए कई स्मरणपत्रों (रिमाइंडर) का हवाला देते हुए, यूजीसी ने कहा कि विश्वविद्यालयों को निरीक्षण के लिए विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रार द्वारा विधिवत सत्यापित सहायक दस्तावेजों के साथ जमा करने का निर्देश दिया गया है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा, ''उन्हें भरे हुए प्रारूप और परिशिष्टों को होम पेज पर एक लिंक देकर अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि जानकारी छात्रों और आम जनता के लिए सुलभ हो सके।

### मानसून के बाद, अक्टूबर में भारत में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि चार महीने के मानसून मौसम के दौरान भरपूर बारिश के बाद, भारत में अक्टूबर में सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अक्टूबर में पूर्व-उत्तरपूर्व और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''महीने के दौरान देश के अन्य क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से लेकर सामान्य से कम रहने की संभावना है।'' महापात्र ने कहा कि देश के अधिकांश भागों में मानसून के बाद के मौसम (अक्टूबर से दिसंबर) के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, जहां वर्षा सामान्य से लेकर सामान्य से कम होने की संभावना है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. मल्होत्रा का निधन, कार्यकर्ताओं ने जताया दुख, दी श्रद्धांजलि

# दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।



वे दिल्ली से 5 बार सांसद और 2 बार विधायक रहे थे। वीके मल्होत्रा के निधन पर पीएम मोदी, सीएम रेखा से लेकर कई भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि जनसंघ और भाजपा के इतिहास में प्रो. वीके मल्होत्रा जैसे दिग्गजों का विशेष स्थान है। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया।

### शोक जताने पहुंचे मोदी



### संगठन विस्तार में अहम भूमिका: सीएम योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि भाजपा संगठन के विस्तार में उनकी अहम भूमिका रही है। उनका निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### जीवन सादगी एवं जनसेवा की मिसाल: सचदेवा

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रो. विजय मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जन सेवा को समर्पण की मिसाल रहा, उन्होने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। उनका जीवन हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरणा देता रहा है और देता रहेगा।



---

81 सालों से निरंतर उपस्थिति बरकरार

# भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की काउंसिल में फिर चुना गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की काउंसिल के पार्ट-II में दोबारा चुना गया है। यह चुनाव 27 सितंबर 2025 को मॉन्ट्रियल में आयोजित 42वें आईसीएओ असेंबली सत्र के दौरान हुआ। पार्ट-II में वे देश शामिल होते हैं जो अंतरराष्ट्रीय वायु नेविगेशन की सुविधाएं प्रदान करने में अहम योगदान देते हैं। इस बार भारत को साल 2022 की तुलना में अधिक वोट मिले, जो सदस्य देशों के बीच उसकी नेतृत्व क्षमता और वैश्विक विमानन क्षेत्र में योगदान पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। भारत आईसीएओ का संस्थापक सदस्य है और 1944 से लगातार 81 वर्षों से काउंसिल में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। भारत आईसीएओ के सुरक्षित, टिकाऊ, और संतुलित अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईसीएओ असेंबली हर तीन साल में होती है और इसमें 193 हस्ताक्षरकर्ता देश शामिल होते हैं।



## चिंतन

# पाक को लहूलुहान कर रहे उसके पाले आतंकी

जो कांच के मकान में रहते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। यह कहावत पूरी तरह से पाकिस्तान पर फिट बैठती है। वो आतंकवाद का पोषण करते-करते खुद उसके जाल में फंस चुका है। जिन आतंकियों को उसने भारत में खून-खराबा करने के लिए पाला था, अब वही पाक में खून की नदियां बहा रहे हैं, लेकिन पाक हुक्मरान अभी भी इसे कबूल करने की बजाए आतंकवाद का महिमामंडन करने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को पाक के क्वेटा शहर में भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में चार आतंकवादी भी बताए जा रहे हैं। विस्फोट पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास एक गाड़ी में हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरारें आ गई। क्वेटा में इस महीने यह दूसरा बम ब्लास्ट हुआ है। इससे पहले 3 सितंबर को क्वेटा बलूच नेशनल पार्टी की रैली के दौरान बम विस्फोट हुआ था। इसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हालात ये हो गए हैं कि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। टीटीपी हमलों में 90 फीसदी की वृद्धि हुई है और बलूच आर्मी के हमले 60 प्रतिशत बढ़े है। वहां के नेता इससे सीख लेने की बजाए इसका दोषारोपण भारत पर करके पल्ला झाड़ने की बेहयाई दिखाने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को हुए हमले के कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति आसीफ अली जरदारी ने बयान जारी कर दिया कि हमले के पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। बिना किसी जांच, बिना किसी सबूत किसी पर भी आरोप लगा देना, ये केवल और केवल पाकिस्तानी हुक्मरान ही कर सकते हैं। जबकि सच्चाई ये है कि 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया तो इससे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान नाराज हो गया, वे इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी नेताओं का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए। इससे उनकी नाराजगी और भी बढ़ गई। इसके चलते वो पाक में खून-खराबा कर रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। खुद पाक मानता है कि टीटीपी पश्तून समुदाय की गरीबी, बेरोजगारी और सरकार की अनदेखी जैसी शिकायतों का फायदा उठाता है और उनके सहयोग से हमलों को अंजाम देता है। फिर इसमें भारत कहां से आ गया। पाक नेताओं को कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। अब जबकि उसका अपना घर जल रहा है, वो इसे समझने की बजाए भारत पर ही निशाना साधने की फिराक में है। इसमें उसे रत्तीभर सफलता नहीं मिल सकती। क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का पोषक है। उसने सैकड़ों की संख्या में आतंकी सरगना पाल रखे हैं।




तकनीक
योगेश कुमार सोनी

# एआई के दुरुपयोग को रोकना होगा

तकनीकी का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद के लिए कुछ लोगों के नकली आधार व पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया जिससे इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को चिंता सताने लगी। वहीं आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी द्वारा कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं जो आजकल बहुत ट्रैंड कर रहा है।

**तकनीकी का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद के लिए कुछ लोगों के नकली आधार व पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया जिससे इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को चिंता सताने लगी। वहीं आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी द्वारा कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं जो आजकल बहुत ट्रैंड कर रहा है। दरअसल, हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को डरा रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कार्यवाही हो जिससे कोई भी ऐसा करने से डरे।**

हाल ही में सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी का (बनाना एआई साडी ट्रेंड) वायरल हो रहा है जिसमें यूजर्स अपनी फोटो को एआई की मदद से साड़ी में बदल रहे हैं। बीते दिनों एक महिला ने बताया कि उसने इस ऐप का प्रयोग किया और साड़ी वाली तस्वीर बनवाई,लेकिन एआई ने उसकी फोटो के शरीर के उस हिस्से का तिल दिखा दिया जो उसकी अपलोड की गई फोटो में नजर नहीं आ रहा था। इस बात से वह महिला बहुत भयभीत हो गई और इस घटना को डरावना बताया और बाकी लोगों को भी चेताया कि बिना सोचे-समझे अपनी फोटो को इस तरह के एप पर न डालें। इसके अलावा एक लड़का जो किसी लड़की को चाहता था लेकिन लड़की उसको पसंद नहीं करती थी। उसने एआई की मदद से अपना और उसका फोटो को मिलाकर किसिंग वाला वीडियो बना दिया और उसको उस लड़की के रिश्तेदार व दोस्तों को भेज दिया जिससे उसकी इमेज पर बड़ा डेखराब प्रभाव पड़ा। दरअसल आज भी एक आयु वर्ग एआई से परिचित नही हैं तो कुछ लोगों ने उसको असली मान लिया जिससे वह लड़की को ही गलत समझने लगे। स्थिति यह थी कि लड़की आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी लेकिन उसको बचा लिया। यह एक छोटी सी घटना है लेकिन देशभर में हर रोज ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो रही है जिससे लोगों की इज्जत व जान जा रही है। इसके अलावा एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई जिसमें देश के बडे़-बड़े संतों व कथावाचकों के साथ पोर्न स्टार को बात करते हुए व अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना दिए। इस घटना से समाज में एक नकारात्मकता फैली व भक्त बहुत नाराज हुए। इसके अलावा महोबा में शातिर दिमाग के लोग एआई का दुरुपयोग कर सरकारी राजस्व को चूना लगाने में लगे थे। महोबा जिले में ऐसा ही हाई-टेक फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने खनिज विभाग की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू कॉपी बनाते हुए नकली पोर्टल तैयार कर लिया था। इस वेबसाइट के जरिए आरोपी ठेकेदारों और बिचौलियों को फर्जी ई-ट्रांजिट पास (रॉयल्टी प्रपत्र) उपलब्ध करा रहे थे। ऐसी घटनाओं के लिए विशेषज्ञ चिंतित तो हैं लेकिन अब तक इसका कोई हल नही निकल पाया। बीते 9 सितंबर 2025 को अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और व्यक्तियों व प्लेटफॉर्मों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व अन्य तरीकों से उनकी छवि, पहचान और व्यक्तित्व के दुरुपयोग से रोकने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम और चेहरा उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि उनके नाम पर कथित रूप से पैसे भी वसूले जा रहे हैं। सेठी ने अदालत को बताया कि उनकी छवि का ऑनलाइन इस्तेमाल यहां तक किया जा रहा है कि किसी की "यौन इच्छाओं की पूर्ति" हो सके, जिसे उन्होंने "बेहद दुर्भाग्यपूर्ण" बताया। ऐश्वर्या की याचिका ने भारत के मनोरंजन उद्योग में डीपफेक और एआई जनित कंटेंट से बढ़ते खतरे को उजागर किया है।बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉफ ने मई में अदालत का रुख किया था। उनका आरोप था कि उनके नाम पर मर्चेंडाइज़ बेचना और उनके विकृत वीडियो बनाने जैसी गतिविधियां प्रथम दृष्टया, उनकी शख्सियत और पब्लिसिटी राइट्स के "अनधिकृत शोषण" के माध्यम से व्यावसायिक लाभ कमाने के प्रयास लगते हैं। अदालत ने उनके व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की सुरक्षा की थी। हाल के महीनों में कई बड़े सितारों ने भी अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए इसी तरह के कदम उठाए हैं। 2023 में अनिल कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट से अपने नाम, आवाज और मशहूर डायलॉग "झक्कास" के दुरुपयोग पर रोक का आदेश हासिल किया था। उसी समय अमिताभ बच्चन ने भी अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा प्राप्त की थी। आज देश में आस्था की दुनिया में प्रख्यात संत प्रेमानंद देश के बड़े संत हैं। कुछ लोगों ने उनको भी नहीं छोड़ा। उनके प्रसारित प्रवचन का कुछ लोग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से दुरुपयोग कर रहे हैं। एआई की मदद से उनके प्रवचन को दूसरी भाषाओं में प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे में श्रीराधा केलिकुंज ने रविवार की शाम चेतावनी जारी कर इस तरह के अमर्यादित कृत्यों से बचने को कहा है। श्री राधा केलिकुंज ने नोटिस में कहा है कि कुछ लोग गुरुदेव श्रीहित प्रेमानंद गोविंदशरण महाराज की वाणी व उपदेशों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अन्य भाषाओं में परिवर्तित कर या मनमाने ढंग से प्रस्तुत कर इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित कर रहे हैं, जो कि मर्यादा और कानून के विरुद्ध है। दरअसल एआई का दुरुपयोग से लगातार अनैतिक गतिविधियों से खास से लेकर आम आदमी तक परेशान हो रहा है। कुछ शरारती तत्व तत्व इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान कर रहे हैं। इससे निजता का भी हनन हो रहा है व इसके अलावा अन्य कई तरह के संकट बढ़ते जा रहे हैं।



इसके लिए जल्द ही कोई ठोस नीति बनानी चाहिए चूंकि यह एक ऐसा तंत्र बन चुका है जिसकी वजह से बहुत लोगों की जीवन में परेशानी आ रही है। इसके दुरुपयोग होने पर कड़े कानून तो बनने चाहिए, साथ में ऐसे भी फीचर्स होने चाहिए जिससे कि कोई किसी की फोटो व अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग न कर सके। यह बेहद दुर्लभ है। चूंकि इस प्रकरण में निजता पर जो प्रहार हो रहा है उससे विशेषज्ञ भी परेशान हो रहे हैं। दरअसल, हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को डरा रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कार्यवाही हो जिससे कोई भी ऐसा करने से डरे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सरोकार

पूजा मेहरा



# रोजगार से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं महिलाएं

हर सुबह की तरह नाथवाना गांव की 27 वर्षीय किरण अपने छोटे से घर के आंगन में बैठी खाना पकाने की तैयारी कर रही है। वहीं बगल में उसके तीन छोटे बच्चे खेल रहे हैं। किरण रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद खेतों में मजदूरी करने भी जाती है। मजदूरी से जो थोड़े पैसे मिलते हैं, उनसे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। वह अक्सर सोचती कि काश गांव में ही कोई ऐसा काम होता जिसे करके वह घर भी संभाल पाती और थोड़ा बेहतर जीवन जी पाती। यह सिर्फ किसी एक किरण की कहानी नहीं है बल्कि उसकी जैसी असंख्य महिलाएं राजस्थान के गांवों में आज भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारियां बहुत हैं, लेकिन अवसर कम। जिन्हें अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं के विकास का रास्ता रोजगार से होकर ही गुजरता है। इससे न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है बल्कि उनका आत्म-सम्मान, निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक पहचान भी मजबूत होती है। नाथवाना गांव जैसे इलाकों में महिलाओं को रोज़गार से जोड़ना इसलिए बेहद ज़रूरी है क्योंकि यहां की महिलाएं अब भी परंपरागत सोच, संसाधनों की कमी और शिक्षा की सीमाओं से बंधी हुई हैं। जब उन्हें काम और कमाई का अवसर मिलेगा, तभी वे अपने बच्चों की पढ़ाई, पोषण और परिवार की खुशहाली में बराबरी का योगदान दे सकेंगी। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में महिला श्रम-शक्ति की स्थिति मिश्रित है। ग्रामीण राजस्थान में महिलाओं का श्रम भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी न किसी रूप में काम कर रही हैं, परंतु यह काम ज़्यादातर असंगठित क्षेत्र या कृषि मजदूरी तक सीमित है। एक अध्ययन में बताया गया है कि लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं कृषि और खेतिहर मजदूरी में लगी हैं। यह काम अनिश्चित, कम वेतन वाला और सुरक्षा रहित होता है। यानी महिलाएं मेहनत तो खूब करती हैं, पर उनका योगदान समाज और परिवार दोनों ही जगहों पर कम करके आंका जाता है। नाथवाना गांव में भी तस्वीर लगभग ऐसी ही है। महिलाएं खेतों में काम करती हैं, पशुपालन करती हैं, घर और बच्चों की देखभाल करती हैं। परंतु इन्हें 'रोज़गार' नहीं माना जाता क्योंकि इन कामों के लिए नियमित आय या सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। यही वजह है कि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर बनी रहती है। यदि इन्हें संगठित ढंग से स्वरोज़गार के अवसर, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच मिले तो यह मेहनत एक उत्पादक और सम्मानजनक रोजगार में बदल सकती है। रोजगार से जुड़ी यह कमी केवल आर्थिक पक्ष तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित करती है। एक महिला जो अपने पैरों पर खड़ी होती है, वह न केवल घर के खर्च उठाने में मदद करती है, बल्कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देती है। एक सर्वे के अनुसार जब किसी परिवार में महिला आय अर्जित करती है तो उस परिवार में बालिकाओं के स्कूल जाने की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही नहीं, परिवार का पोषण स्तर और स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। नाथवाना गांव में 45 वर्षीय द्रौपदी कहती हैं कि अगर उन्हें सिलाई, बुनाई, कढ़ाई या डेयरी का प्रशिक्षण और छोटा-सा ऋण मिल जाए तो वे घर बैठकर भी कमाई कर सकती हैं। लेकिन आज भी प्रशिक्षण केंद्रों की दूरी, परिवहन की दिक्कतें और सामाजिक बंदिशें उन्हें पीछे खींच लेती हैं। एक और बाधा यह है कि समाज में महिला की भूमिका को अभी भी 'घर तक सीमित' मानने की सोच हावी है। यही कारण है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद कई महिलाएं रोजगार तक नहीं पहुंच पातीं। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का काम में शामिल होने का अनुपात केवल 22 प्रतिशत है। इसका साफ मतलब है कि शिक्षा बढ़ने के बाद भी रोजगार का रास्ता आसान नहीं होता, क्योंकि समाज और व्यवस्था दोनों ही स्तर पर समर्थन कम है। हालांकि जब नाथवाना की महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगी, तो यह केवल उनकी आय का सवाल नहीं होगा, बल्कि समाज में उनकी आवाज और अस्तित्व को मान्यता देने का सवाल होगा। सके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण और बाज़ार से जोड़ना, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, और सरकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### स्वदेशी, स्वदेशी और स्वदेशी

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। ऐसे में भारत को फैशन और चोंचलेबाजी छोड़ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। - *खेमराज देवांगन, राजिम*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन



जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### भारत-भूटान रेल संपर्क



भारत-भूटान रेल संपर्क, जिनमें से एक भूटान के माइंडफुलनेस सिटी को असम के कोकराझार से जोड़ेगा, एक नए आर्थिक गलियारे की नींव रखेगा। इससे पूर्वोत्तर के फलते-फूलते बाज़ारों और गेलेफू में बनने वाले नवाचार केंद्र के बीच तालमेल बढ़ेगा।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### निष्पक्ष न्यायिक जांच हो



पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी बीजेपी सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### पारदर्शिता ही ईमानदारी



उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग जब परीक्षा करवा ही नहीं पाता है तो भंग क्यों नहीं कर दिया जाता। पारदर्शिता ही ईमानदारी को सुनिश्चित करती है और व्यवस्था में विश्वास को भी। कुछ तो है जिसकी पर्दा-दारी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### अफगानिस्तान में बंद हुई इंटरनेट सेवाएं


अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है। तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने सोमवार को बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है।



## ऑफ बीट

### हर जगह चेहरे की पहचान के फायदे और नुकसान

अब जब आप किसी दुकान में प्रवेश करें, फ्लाइट में चढ़ें, अपने बैंक खाते में लॉगिन करें या सोशल मीडिया फीड स्क्रॉल करें, तो संभावना है कि आपसे चेहरा स्कैन करने के लिए कहा जाए। चेहरे की पहचान और अन्य प्रकार की बायोमेट्रिक तकनीक अब पहचान का एक आम जरिया बनती जा रही है। इसे तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित बताया जाता है, लेकिन इसके साथ ही यह निजता के उल्लंघन को लेकर भी चिंता पैदा कर रही है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया में केमार्ट जैसे बड़े रिटेलर्स बिना ग्राहक की सहमति के, इस तकनीक का इस्तेमाल कर कानून का उल्लंघन करते पाए गए हैं। तो क्या यह एक खतरनाक तकनीकी अतिक्रमण है या सुरक्षा का भविष्य? और खासकर जब बच्चे भी केवल अपने चेहरे से अपनी पहचान साबित करने लगे हैं, तो इसका परिवारों के लिए क्या अर्थ है? चेहरे की पहचान के दो पहलू चेहरे की पहचान तकनीक को सहज और सुविधाजनक सेवा के रूप में पेश किया जाता है। यात्रा उद्योग में यह बात स्पष्ट है, जहाँ क्वांटास जैसी एयरलाइंस इसे यात्रा को आसान बनाने वाला प्रमुख तरीका मानती हैं। पासपोर्ट और बोर्डिंग पास के झंझट से बचें, बस चेहरा स्कैन करें और आगे बढ़ें।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : कथुनिया को वैश्विक स्तर पर स्वर्ण मेडल की तलाश, फिर जीता रजत

## दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर जीता मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के योगेश कथुनिया ने को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ 56 चक्का फेंक स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता, जिससे वैश्विक स्तर पर अपने पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। कथुनिया (28 वर्ष) ने दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता। वह 2019 से सभी चार विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत रहे हैं। कथुनिया ने पैरालंपिक खेलों (2021 और 2024) में दो रजत पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 और 2024 में भी दो रजत पदक जीते थे। उन्होंने 2019 सत्र में कांस्य पदक भी जीता था।

कथुनिया ने 2023 हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भी रजत पदक जीता था। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्राजील के स्टार क्लॉडनी बतिस्ता ने 45.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनके सभी छह थ्रो कथुनिया के दिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर थे। 2019 सत्र से शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में बतिस्ता का यह लगातार चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। कथुनिया चार विश्व चैंपियनशिप और दो पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के खिलाड़ी को नहीं हरा पाए हैं।




### घरेलू मैदान में पदक जीतना अलग अहसास

एफ56 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है, जो फील्ड स्पर्धाओं में बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ग में विभिन्न एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिनमें अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले एथलीट भी शामिल हैं। कथुनिया ने कहा, 'यह अलग एहसास है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर रजत पदक जीता है। मेरे परिवार के सदस्य यहां हैं और अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करके बहुत खुश हूं। उन्होंने हमेशा मेरा बहुत साथ दिया है इसलिए यह मेरे लिए खास है।' पहले भी उन्होंने वैश्विक स्तर पर हर बार दूसरे स्थान पर रहने पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, 'पिछले छह-सात वर्षों से रजत पदक मेरे साथ जुड़ा हुआ है लेकिन पदक के रंग में कोई गिरावट नहीं आई है लेकिन कोई बात नहीं, मेरा समय (स्वर्ण पदक जीतने का) आएगा।'

### नौ साल की उम्र में हुआ गिलियन-बैरे सिंड्रोम



नौ साल की छोटी सी उम्र में कथुनिया को गिलियन-बैरे सिंड्रोम होने का पता चला था जो एक दुर्लभ स्व-प्रतिरक्षा विकार है। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे और जल्द ही वह व्हीलचेयर पर आ गए। लेकिन तीन साल के भीतर वह फिर से चलने लगे इसका श्रेय उनकी मां मीना देवी को जाता है जिन्होंने अपने बेटे के इलाज के लिए फिजियोथेरेपी सीखी। कथुनिया हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सिपाही थे इसलिए उन्होंने चंडीगढ़ के इंडियन आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और नई दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री हासिल की। कथुनिया ने कहा कि अगर बेल्ट को सख्ती से नहीं कसा जाता तो वह और बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'अधिकारी थोड़े सख्त थे। बेल्ट थोड़ी अधिक कसी हुई थी जिससे मूवमेंट में बाधा आती है और दूरी हमेशा कम से कम तीन से चार मीटर कम हो जाती है।' बैठकर थ्रो करने की स्पर्धाओं में एथलीटों को विशेष रूप से बनाए गए थ्रोइंग फ्रेम पर बैठकर छह मिनट में छह थ्रो करने होते हैं, जो पट्टियों से जमीन से बंधे होते हैं। एथलीट खुद को फ्रेम पर सुरक्षित रखने के लिए पट्टियों का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि नाभि के नीचे कोई भी हरकत जजों से कई तरह के फाउल का कारण बन सकती है।

## खबर संक्षेप



### हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे लुईस

**नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। लुईस ने कहा,' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिए प्रेरित करता है।' चार ओलंपिक खेलों में 9 स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

### खिताब जीत कर दिया पाकिस्तान को जवाब



**हैदराबाद।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने कहा,' शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैंने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करुंगा।' उन्होंने कहा,' मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा, जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया।

### स्क्वॉश इंडियन : टोर्की और वालिद ने जीता खिताब

**बेंगलुरु।** मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने 'एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 3' के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसए चैलेंजर स्तर की इस प्रतियोगिता में टोर्की ने अपने हमवतन और तीसरी वरीयता प्राप्त सैफ शेनवी को 32 मिनट में 11-8, 11-8, 11-4 से हराया, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेना ने मलेशिया की हरलीन टैन को 11-6, 11-5, 6-11, 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में भारतीयों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सूरज कुमार चंद और अंजलि सेमवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जबकि ओम सेमवाल, सान्या वत्स, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।

## भारतीय महिला टीम ने वनडे वर्ल्डकप का पहला मैच जीता

# अमनजोत और दीप्ति के अर्धशतक से भारत ने श्रीलंका को 59 रन से हराया

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक के बाद भारत ने अपने स्पिनरों के फिरकी के जादू की बदौलत मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के 47 ओवर के उद्घाटन मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 59 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत के 271 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ऑफ स्पिनरों दीप्ति (54 रन पर तीन विकेट) और स्नेह राणा (32 रन पर दो विकेट) तथा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (37 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चामरी अटापट्टू 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि निलाक्षिका सिल्वा ने 35 रन बनाए। भारत इससे पहले दो ओवर में चार विकेट गंवाने के बाद एक समय छह विकेट पर 124 रन बनाकर मुश्किल में था लेकिन अमनजोत (57 रन, 56 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और दीप्ति (53 रन, 53 गेंद, तीन चौके) ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करके भारत को आठ विकेट पर 269 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। हरलीन देओल (48 रन, 64 गेंद, छह चौके) ने भी उम्दा पारी खेली। भारतीय पारी के दौरान कई बार बारिश का खलल पड़ा जिससे मुकाबले को 47 ओवर का कर दिया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 10 ओवर में एक विकेट पर 49 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। कप्तान अटापट्टू (43) शुरू से ही अच्छी लय में नजर आई। उन्होंने अमनजोत पर तीन चौके मारे जबकि अटापट्टू ने दीप्ति का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। दीप्ति ने हालांकि अटापट्टू को बोल्ड करके भारत को बड़ी सफलता दिलाई। अमनजोत पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद क्रांति गौड़ पर छक्का भी मारा। क्रांति ने हालांकि हसिनी परेरा (14) को बोल्ड करके विश्व कप में अपना पहला विकेट हासिल किया। हर्षित समरविक्रम ने आते ही




### न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया में भिड़ंत आज

*इंदौर। सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन ऑस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरुरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है।*

### भारत-269/8 (47)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रतीका का गुणारत्ने बो रणवीरा | 37 |
| स्मृति का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 08 |
| हरलीन का कविशा बो रणवीरा | 48 |
| हरमनप्रीत का अनुष्का बो रणवीरा | 21 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो रणवीरा | 00 |
| दीप्ति का सुगंदिका बो कुलसूर्या | 53 |
| रिचा का प्रबोधिनी बो अटापट्टू | 02 |
| अमनजोत का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 57 |
| स्नेह राणा नाबाद | 28 |

अतिरिक्त: 15
कुल: 47 ओवर में आठ विकेट पर: 269 रन
विकेट पतन: 1-14, 2-81, 3-120, 4-120, 5-121, 6-124, 7-227, 8-269.

### श्रीलंका-211/10 (45.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हसिनी परेरा बो क्रांति | 14 |
| चामरी अटापट्टू बो दीप्ति | 43 |
| हर्षिता पगबधां बो चरणी | 29 |
| विश्मी पगबाधा बो अमनजोत | 11 |
| कविशा का ऋचा बो दीप्ति | 15 |
| निलाक्षिका सिल्वा बो स्नेह | 35 |
| अनुष्का का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 06 |
| सुगंदिका कुमारी बो स्नेह | 10 |
| अचिनी का स्मृति बो चरणी | 17 |
| उदेशिका प्रबोधनी नाबाद | 14 |
| इनोका पगबाधा बो प्रतीका | 03 |

अतिरिक्त:14
कुल:45.4 ओवर में सभी विकेट खोकर: 211 रन
विकेट पतन: 1-30, 2-82, 3-103, 4-105, 5-130, 6-140, 7-173, 8-184, 9-199

# सुमित अंतिल ने तीसरा स्वर्ण पदक जीता



विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल भारतीय पैरा एथलीट बने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सुमित अंतिल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास के सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी बने जब उन्होंने मंगलवार को यहां अपना लगातार तीसरा भाला फेंक खिताब जीता जिससे भारत दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक जीतने में सफल रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की स्टैंड में मौजूदगी से उत्साहित 27 वर्षीय सुमित ने अपने पांचवें प्रयास में 71.37 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 स्पर्धा का खिताब जीता। उन्होंने 2023 सत्र में बनाए 70.83 मीटर के अपने ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड को बेहतर किया लेकिन 73.29 मीटर के अपने विश्व रिकॉर्ड से लगभग दो मीटर दूर रहे जो उन्होंने 2023 एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनके अलावा किसी भी भारतीय ने तीन स्वर्ण नहीं जीते हैं। सुमित ने कहा कि वह अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें अपने कंधे में 'सजून' महसूस हुई। भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ44 स्पर्धा में संदीप सरगर के 62.82 मीटर के थ्रो के साथ एक आश्चर्यजनक स्वर्ण पदक भी जीता। इस स्पर्धा में मेजबान देश पहले दो स्थान पर रहा क्योंकि संदीप ने भी 62.67 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। ब्राजील के एडेनिलसन रॉबर्टो 62.36 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मंगलवार को चार पदक के साथ भारत चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

#### हॉकी

# जूनियर महिला हॉकी टीम का दबदबा, कैनबरा चिल को हराया



एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ईशिका के दो गोलों की मदद से भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के क्लब कैनबरा चिल को 3-1 से हरा कर इस दौरे की दूसरी जीत दर्ज की।

ईशिका ने 13वें और 39वें मिनट में गोल किए, जबकि सोनम ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने 11वें मिनट में गोल खाने के बावजूद मैच में दबदबा बनाए रखा। कैनबरा चिल के लिए, नाओमी इवांस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। यह हालांकि घरेलू टीम के लिए एकमात्र सफलता थी, क्योंकि भारत ने दो मिनट बाद ही पलटवार किया जब ईशिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। सोनम ने स्कोर 1-1 से बराबर होने के बाद मध्यांतर से पहले मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। ईशिका ने मैच के तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने दौरे पर अब तक दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। टीम गुरुवार को कैनबरा चिल के खिलाफ अपना अंतिम दौरा मैच खेलेगी।

### आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलेंगे कार्तिक

**शारजाह।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है। मैं यहां आकर खुश हूं।' कार्तिक ने कहा, 'शारजाह भी उन प्रतिष्ठित स्टेडियमों में से एक है, जहां हर कोई खेलना चाहता है। शारजाह वॉरियर्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है।' कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग होगी। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में एसए20 की की टीम पार्ल रॉयल्स का हिस्सा रह चुके है। रॉयल्स के लिए उन्होंने छह पारियों में 97 रन बनाए थे। कार्तिक आईपीएल 2025 चैंपियंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच भी हैं।

### खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर



नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा,' निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जाएंगी। जिस खिलाड़ी के खिलाफ जांच चल रही है या लंबित है, उसे भी पुरस्कार के योग्य नहीं माना जाएगा।' भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त सचिव (खेल), निदेशक या उप सचिव (खेल) और खेल विभाग और कार्यकारी निदेशक (टीमें) या निदेशक (टीमें) आवेदन की छंटनी करेंगे।

# अंडर-19 टेस्ट सीरीज : दीपेश की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया 243 रनों पर सिमटी

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

## दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर झटके 5 विकेट

तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि किशन कुमार ने उनका शानदार तरीके से साथ देते हुए 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गई, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त कर दिया गया।



### स्टीवन होगन ने बनाए 92 रन

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए स्टीवन होगन ने एक छोर संभालते हुए 246 गेंदों पर धैर्यपूर्ण 92 रन बनाए। जेड हॉलिक ने 94 गेंद में 38 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट झटक कर स्कोर को दो विकेट पर 30 रन कर दिया। ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को पहले सत्र में ही 78 पर तीन विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल स्थिति में डाल दिया। इसके बाद खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेज दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 167 रन हो गया।

## जापान ओपन में फ्रिट्ज को हराकर जीती साल की आठवीं ट्राफी

# अल्कारेज ने जीता कॅरियर का 24वां खिताब

एजेंसी ▶▶| टोकियो

शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने जापान ओपन के फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इस साल अपना आठवां एकल खिताब जीता। अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था। फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है।



### चाइना ओपन : कोको क्वार्टर फाइनल में



**बीजिंग।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹77 981* से शुरू | ₹6 093 | ₹71 888* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad:Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali:Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25